**संक्षिप्त समाचार**

## असम में आठ करोड़ रुपये का मादक पदार्थ जब्त, एक व्यक्ति गिरफ्तार

असम के श्रीभूमि जिले में आठ करोड़ रुपये मूल्य का मादक पदार्थ जब्त कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, मादक पदार्थ रोधी अभियान में श्रीभूमि पुलिस ने सदरशी में एक वाहन को रोका और आठ करोड़ रुपये मूल्य की याबा की 40,000 गोलियां जब्त कीं। एक तस्कर अब सलाखों के पीछे है। आवश्यक कानूनी प्रक्रियाएं पहले ही शुरू कर दी गई हैं।

## पेड़ से लटका मिला लड़की का शव, परिवार ने लगाया बलात्कार और हत्या का आरोप

ओडिशा के क्योंझर जिले में 17 वर्षीय एक लड़की का शव पेड़ से लटका मिला है और उसके परिवार ने सामूहिक बलात्कार के बाद उसकी हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि लड़की शौच के लिए घर से बाहर गई थी लेकिन वह लौटी नहीं और बाद में उसका शव मिला। उसने बताया कि पुलिस ने सामूहिक बलात्कार और हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और इस घटना के सिलसिले में दो लोगों को हिरासत में लिया है। इस घटना के कारण हरिचंदनपुर में तनाव फैल गया है। यह घटना ऐसे समय में सामने आई है जब हाल में गंजाम जिले के गोपालपुर समुद्र तट पर 20 वर्षीय लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार की घटना हुई थी। पुलिस ने बताया कि क्योंझर जिले में लड़की सोमवार रात को शौच के लिए घर से बाहर गई थी लेकिन बाद में वह लापता हो गई और उसका मोबाइल फोन भी बंद था। उसने बताया कि अगली सुबह उसका रक्तरंजित शव गांव के पास एक पेड़ से लटका मिला। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल से पुरुष के खून से सने कपड़े और कुछ अन्य सामान भी बरामद किया गया जिससे लड़की के परिवार को संदेह हुआ कि उसके साथ बलात्कार के बाद उसकी हत्या की गई है। लड़की के पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई और आरोप लगाया कि उनकी बेटी के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया, उसकी हत्या की गई और बाद में शव को फांसी पर लटका दिया गया ताकि यह आत्महत्या लगे। अधिकतर महिलाओं समेत ग्रामीणों के विरोध प्रदर्शन के बाद पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 70(2) (सामूहिक बलात्कार) और 103(1) (हत्या) तथा पॉक्सो (लैंगिक अपराधों से बच्चों का संरक्षण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

# सरेंडर नहीं करेंगे :ईरानी सुप्रीम लीडर खामेनेई

**अमेरिकी दखल मंजूर नहीं; ईरान के नागरिकों को वॉट्सएप डिलीट करने के आदेश, इजराइली हमले में 585 मौतें**

### खामेनेई के ठिकानों पर इजरायल ने की बमबारी, सुप्रीम लीडर ने संबोधन में यूएस थी वर को चेतावनी

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को करारा जवाब दिया. उनके संबोधन के तुरंत बाद ही इजरायली वायुसेना ने तेहरान के लवीजान इलाके में हवाई हवाई हमले किये. लवीजान खामेनेई का गुप्त ठिकाना माना जाता है .टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के मुताबिक इजरायली सेना में तेहरान के नोबोन्याद स्क्वायर को निशाना बनाया गया, जहां ईरानी क्षा मंत्रालय का मुख्यालय और कई कारखाने हैं. इजरायली सेना ने इस हमले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि वह तेहरान में सैन्य ठिकानों पर हमला कर रही थी उसी दौरान लवीजान इलाके में बमबारी हुई.इजरायली सेना ने कहा कि सार्वजनिक सुरक्षा दिशा-निर्देशों में स्कूल बंद करने और अन्य प्रतिबंधों को अनिवार्य किया गया

एजेंसी

तेहरान/तेल अवीव , ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई ने बुधवार को अपने एक मैसेज में कहा कि अमेरिका सुन ले, हम सरेंडर नहीं करेंगे। खामेनेई ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को चेतावनी देते हुए कहा, 'अगर इजराइल के खिलाफ जंग में अमेरिकी सेना ने दखल दिया, तो अंजाम बुरा होगा।'खामेनेई का यह मैसेज ईरान की नेशनल टीवी पर प्रेजेंटर ने पढ़ा। खामेनेई ने कहा, 'जो लोग ईरान का इतिहास जानते हैं, उनको पता है कि ईरानी किसी की धमकियां नहीं सुनता। इजराइल ने

> दरअसल, ट्रम्प ने मंगलवार को खामेनेई से सरेंडर करने की मांग की थी। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर लिखा- अनकंडीशनल सरेंडर (बिना शर्त सरेंडर)। एक पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'ईरान के आसमान पर हमारा कब्जा है। हम जानते हैं कि सुप्रीम लीडर कहां छिपा है, लेकिन हम उसे मारेंगे नहीं।'

बहुत बड़ी गलती की है और उसे इसकी सजा मिलेगी।

ईरान थोपी गई शांति या युद्ध को नहीं मानेगा।'इससे पहले खामेनेई ने मंगलवार देर रात इजराइल के खिलाफ जंग का ऐलान किया था। उन्होंने पर लिखा- जंग शुरू होती है। हम आतंकी इजराइल को कड़ा जवाब देंगे। उन पर कोई दया नहीं दिखाएंगे। इस ऐलान के बाद ईरान ने इजराइल पर 25 मिसाइलें दागीं। ईरानी नागरिकों को वॉट्सऐप डिलीट करने का आदेश, अब तक 585 मौतें ईरान ने मंगलवार को नागरिकों को अपने स्मार्टफोन से वॉट्सएप हटाने का आदेश दिया है। सरकार का आरोप है कि मैसेजिंग ऐप के जरिए ईरानी लोगों की जानकारी इजराइल भेजी जा रही है। हालांकि, वॉट्सएप ने एक बयान में इन दावों को खारिज कर दिया और कहा कि वॉट्सएप एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन का इस्तेमाल करता है, जिसका मतलब है कि सर्विस प्रोवाइडर यूजर्स के मैसेज नहीं पढ़ सकता है। ईरान और इजराइल के बीच 13 जून से संघर्ष जारी है।



© Office of the Iranian Supreme Leader/WANA/REUTERS

### आईडीएफ ने कहा- ईरानी मिसाइलों से नुकसान अनुमान से बहुत कम

इजराइल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने बुधवार को बताया कि ईरानी हमलों में उसे बहुत कम नुकसान हुआ है। आईडीएफ के ताजा आंकड़ों के अनुसार, 13 जून को संघर्ष शुरू होने के बाद से ईरान ने इजराइल पर 400 से ज्यादा बैलिस्टिक मिसाइलें और करीब 1,000 ड्रोन दागे हैं ।बैलिस्टिक मिसाइलों में से 20 से 30 मिसाइलें इजराइल के शहरी इलाकों में गिरीं। इजराइल में अब तक 24 लोग मारे गए और 500 से अधिक घायल हुए हैं। सेना के अनुसार, आईडीएफ ने ईरान के खिलाफ ऑपरेशन की प्लानिंग बनाते समय जो अनुमान लगाया था, हताहतों की संख्या उससे बहुत कम है।

# फास्टैग को लेकर नितिन गडकरी का बड़ा ऐलान

## अब 3,000 रुपये में मिलेगा एनुअल-पास

> गडकरी ने कहा कि सक्रियण की तारीख से एक वर्ष के लिए या 200 यात्राओं तक- जो भी पहले हो- वैध- यह पास विशेष रूप से गैर-व्यावसायिक निजी वाहनों जैसे कार, जीप और वैन के लिए डिजाइन किया गया है।





> गडकरी ने आगे कहा कि उपयोगकर्ता जल्द ही राजमार्ग यात्रा ऐप पर उपलब्ध एक समर्पित लिंक का उपयोग करके वार्षिक पास को सक्रिय और नवीनीकृत कर सकेंगे, साथ ही भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइटों के माध्यम से भी।

एजेंसी

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने घोषणा की कि 15 अगस्त, 2025 को 3,000 रुपये की कीमत वाला एक नया फास्टैग-आधारित वार्षिक पास लॉन्च किया जाएगा, जिससे गैर-वाणिज्यिक वाहनों के लिए देश के राजमार्ग नेटवर्क पर निर्बाध यात्रा की सुविधा मिल सकेगी। बुधवार को घोषित इस पहल का उद्देश्य राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रियों की सुविधा बढ़ाना है। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर घोषणा को साझा करते हुए, गडकरी ने कहा कि परेशानी मुक्त राजमार्ग यात्रा की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम में, हम 3,000 रुपये की कीमत वाला फास्टैग-आधारित वार्षिक पास पेश कर रहे हैं, जो 15 अगस्त 2025 से प्रभावी होगा। गडकरी ने कहा कि सक्रियण की तारीख से एक वर्ष के लिए या 200 यात्राओं तक- जो भी पहले हो- वैध- यह पास विशेष रूप से गैर-व्यावसायिक निजी वाहनों जैसे कार, जीप और वैन के लिए डिजाइन किया गया है। इस पहल का उद्देश्य निजी वाहन मालिकों के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा को सुगम और अधिक किफायती बनाना है। यह पास सड़क परिवहन प्रणालियों को डिजिटल बनाने और सुव्यवस्थित करने के सरकार के व्यापक प्रयासों का हिस्सा है, साथ ही यह राजमार्गों का लगातार उपयोग करने वालों को वित्तीय राहत और लचीलापन भी प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि वार्षिक पास पूरे देश में राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्बाध और लागत प्रभावी यात्रा को सक्षम करेगा। सक्रियण और नवीनीकरण के लिए एक समर्पित लिंक जल्द ही राजमार्ग यात्रा ऐप के साथ-साथ आधिकारिक वेबसाइटों पर उपलब्ध कराया जाएगा।

## भारतीय नौसेना में शामिल हुआ भारत का पहला एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट

**नौसेना डॉकयार्ड में आयोजित एक भव्य समारोह में इस जहाज को नौसेना में शामिल किया गया**





एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत ने अपनी समुद्री रक्षा क्षमताओं को और मजबूती देते हुए आईएनएसअनार्ला को भारतीय नौसेना में शामिल कर लिया है। यह पहला एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट है, जो तटीय क्षेत्रों और उथले समुद्री इलाकों में पनडुब्बी जैसे खतरों से निपटने के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। विशाखापत्तनम के नौसेना डॉकयार्ड में आयोजित एक भव्य समारोह में इस जहाज को नौसेना में शामिल किया गया। इस अवसर पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान सहित वरिष्ठ सैन्य अधिकारी मौजूद थे। हम आपको बता दें कि कठर अनार्ला को आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत विकसित किया गया है। इसमें 80% से अधिक स्वदेशी उपकरण और तकनीक का उपयोग किया गया है, जो रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम है। हम आपको बता दें कि यह जहाज न केवल भारत की रक्षा क्षमताओं को बढ़ाता है बल्कि देश की नौसैनिक निर्माण क्षमता और तकनीकी प्रगति का भी प्रमाण है। इसकी प्रमुख विशेषताओं की बात करें तो आपको बता दें कि इसमें एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट है। इसकी भूमिका की बात करें तो आपको बता दें कि यह तटीय और उथले समुद्री इलाकों में जल के भीतर खतरों की निगरानी और उनका मुकाबला करेगा। साथ ही इसका सबसर्फेस सर्विलांस, खोज एवं बचाव अभियान और कम तीव्रता वाले नौसैनिक मिशन पर उपयोग किया जायेगा।

> हम आपको बता दें कि आईएनएस अनार्ला को आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत विकसित किया गया है। इसमें 80% से अधिक स्वदेशी उपकरण और तकनीक का उपयोग किया गया है, जो रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## पुलिस ने राजा रघुवंशी की हत्या में इस्तेमाल किया गया दूसरा हथियार बरामद किया

एजेंसी

मेघालय ,हत्या की जांच कर रही मेघालय पुलिस की विशेष जांच टीम (एसआईटी) रघुवंशी की पत्नी सोनम समेत हत्या के सभी आरोपियों को शिलांग से करीब 65 किलोमीटर दूर सोहरा लेकर आई और कड़ी सुरक्षा के बीच क्राइम सीन को रीक्रिएट किया। दौर के व्यवसायी राजा रघुवंशी की हत्या की जांच कर रहा मेघालय पुलिस का विशेष जांच दल (एसआईटी) यह पता लगाने के लिए मध्यप्रदेश पहुंचा है कि हत्या के पीछे कोई वित्तीय मकसद तो नहीं है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस राजा रघुवंशी की पत्नी सोनम समेत हत्या के सभी आरोपियों को यहां से लगभग 65 किलोमीटर दूर सोहरा ले गयी और भारी सुरक्षा के बीच इस अपराध का नाट्य रुपांतरण किया। पूर्वी खासी हिल्स जिले के सोहरा इलाके में राजा रघुवंशी की 23 मई को वेइसाडोंग फॉल्स के पास एक पार्किंग स्थल में छुरा घोंपकर हत्या कर दी गई थी और उनके शव को एक निकटवर्ती घाटी में फेंक दिया गया था। राजा रघुवंशी और उनकी पत्नी अपने हनीमून पर थे

## कनाडा से क्रोएशिया पहुंचे पीएम मोदी, किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली आधिकारिक यात्रा

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन देशों की विदेश यात्रा के अंतिम चरण में बुधवार को क्रोएशिया की राजधानी जगरेब पहुंचे। यह यात्रा इसलिए ऐतिहासिक बन गई, क्योंकि यह किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री की क्रोएशिया की पहली आधिकारिक यात्रा है। प्रधानमंत्री मोदी का जगरेब हवाई अड्डे पर क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविक ने स्वयं विशेष सम्मान के साथ स्वागत किया।भारत-क्रोएशिया संबंधों में ऐतिहासिक मील का पत्थरजगरेब में उतरने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने भी पर लिखा- थोड़ी देर पहले क्रोएशिया के जगरेब में उतरा। यह एक विशेष यात्रा है, किसी भारतीय प्रधानमंत्री की किसी मूल्यवान यूरोपीय साझेदार की पहली यात्रा।







**पलटवार** **बीजेपी का कांग्रेस पर पलटवार**

# राहुल गांधी और जयराम रमेश का दिल भारत में नहीं, बल्कि पाकिस्तान में बसता है

एजेंसी





नयी दिल्ली। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश के बयान पर भाजपा ने पलटवार किया है। पार्टी नेता प्रदीप भंडारी ने कहा कि अगर कांग्रेस पार्टी भारत के नैरेटिव पर विश्वास नहीं करती है, तो यह स्पष्ट हो जाना चाहिए कि राहुल गांधी और जयराम रमेश का दिल भारत में नहीं, बल्कि पाकिस्तान में बसता है। इंटरनेशनल फेक न्यूज फैक्ट्री कांग्रेस पार्टी आज इतनी अलग-थलग पड़ गई है कि झूठ फैलाना उसका काम बन गया है... आज कांग्रेस पार्टी की विश्वसनीयता ऐतिहासिक और वैश्विक स्तर पर शून्य पर है। प्रदीप भंडारी ने आगे कहा कि जयराम रमेश जो कुछ भी कहते हैं, उस पर कांग्रेस पार्टी में राहुल गांधी को छोड़कर कोई भी विश्वास नहीं करता। मान लीजिए कि उनमें थोड़ी भी देशभक्ति है। उस स्थिति में, उन्हें देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान और उसके बाद उन्होंने पाकिस्तानी नैरेटिव को आगे बढ़ाया और देश के नैरेटिव को कमजोर किया। उन्हें भारत सरकार के आधिकारिक रुख पर विश्वास नहीं था, क्योंकि उन्हें लगता था कि अगर वे भारत के खिलाफ बोलेंगे, तो कांग्रेस पार्टी, जो पाकिस्तान की बी टीम है, आगे बढ़ जाएगी। आपको बता दें कि पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के बीच टेलीकांफ्रेंसिंग पर विदेश सचिव विक्रम मिसरी के बयान पर कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा था कि भारतीय विदेश नीति और कूटनीति को मिले 'ट्रिपल झटके' को समझिए। आज फील्ड मार्शल असीम मुनीर जिनकी भड़काऊ, भड़काऊ और भड़काऊ टिप्पणियां सीधे पहलगाम आतंकी हमलों से जुड़ी हैं। उन्हें आज राष्ट्रपति ट्रंप के साथ एक विशेष लंच के लिए आमंत्रित किया गया है। यह भारतीय कूटनीति के लिए एक झटका है। हम इस बारे में चुप हैं, हमने इस पर कोई आपत्ति नहीं जताई है...दूसरा, जनरल माइकल कुरिल्ला जो यूएस सेंट्रल कमांड के प्रमुख हैं, कहते हैं कि पाकिस्तान आतंकवाद-रोधी कार्रवाई में एक अभूतपूर्व साझेदार है। कांग्रेस नेता ने कहा कि हम कह रहे हैं कि पाकिस्तान एक असाधारण अपराधी है...तीसरा, 10 मई से लेकर अब तक 14 बार राष्ट्रपति ट्रंप दावा कर रहे हैं कि उन्होंने युद्ध विराम में मध्यस्थता की, उन्होंने व्यापार को एक साधन के रूप में इस्तेमाल किया

## सम्पादकीय

### आर्थिक रूप से और सक्षम बनने का समय, भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र की श्रेणी में स्थापित करना जरूरी

आपरेशन सिंदूर की सफलता का अलग-अलग पहलुओं से विश्लेषण जारी है।इस सैन्य अभियान की सफलता ने मुख्य रूप से तीन सराहनीय पहलुओं को रेखांकित करने का काम किया। पहला भारत सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति, जिसने पहलगाम में आतंकवादियों के कायरतापूर्ण, बर्बर और शर्मनाक कृत्य के जवाब में एक अपेक्षित एवं प्रभावी कार्रवाई को सुनिश्चित किया। दूसरा, स्वदेश विकसित एवं निर्मित हथियार प्रणालियों की सफलता और हमारे सशस्त्र बलों का अद्वितीय साहस। तीसरा, देश के सभी वर्गों, जाति, पंथ के लोगों ने राजनीतिक विचारधारा से परे जाकर हमारे सैनिकों की वीरता के समर्थन और प्रशंसा में एकजुटता का प्रदर्शन किया। इस सफलता में गर्व की अनुभूति और ज्यादा बढ़ गई, क्योंकि स्वदेश निर्मित रक्षा प्रणालियों ने अपनी उपयोगिता साबित की। इसने रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता की गति को और तेजी देने की आवश्यकता को दशार्या है।इसके लिए हमें आर्थिक रूप से सक्षम बनना होगा। यहां यह न भूला जाए कि कुछ देश अपने आर्थिक रुतबे को ही ताकत बनाकर न केवल पड़ोसियों, बल्कि दुनिया भर को धौंस दिखाने का काम करते हैं। यहां तक कि वे नैरेटिव पर भी नियंत्रण रखते हैं।प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवाद और आतंकवादियों को जड़ से मिटाने का एलान किया है। निःसंदेह राजनीतिक संकल्पशक्ति और हमारे सैन्य बलों का पराक्रम तात्कालिक रूप से इस चुनौती से निपटने में सक्षम हैं, लेकिन इसका दीर्घकालिक उपाय आर्थिक मजबूती से ही जुड़ा है कि हमें परेशान करने की मंशा रखने वालों के मन में यह भय व्याप्त हो कि भारत पर बुरी नजर डालने के नतीजे कितने भयावह होंगे।प्रधानमंत्री मोदी की पहल से 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने का जो एक राष्ट्रीय स्वप्न परवान चढ़ा है, उसके साकार होने पर ऐसी निवारक शक्ति सहज ही प्राप्त की जा सकती है।हालांकि इस सपने की पूर्ति के लिए देश को निरंतर आठ प्रतिशत से अधिक की आर्थिक वृद्धि दर प्राप्त करनी होगी।ऐसी ऊंची वृद्धि कम से कम 36 प्रतिशत के सकल पूंजी निर्माण (जीसीएफ) के जरिये ही प्राप्त की जा सकती है। यह तभी संभव है, जब बचत और निवेश दर कुल आर्थिक उत्पादन के 36 प्रतिशत से अधिक हो। अफसोस की बात यह है कि जीसीएफ लगातार घटने पर है।वित्त वर्ष 2024 में यह और घटकर 31.4 प्रतिशत हो गया, जबकि वित्तीय वर्ष 2023 में यह 32.8 प्रतिशत था।इसका मुख्य कारण निजी क्षेत्र के निवेश में कमी आना है।निजी क्षेत्र का निवेश भी वित्त वर्ष 2023 के 25.8 प्रतिशत से घटकर वित्त वर्ष 2024 में 24 प्रतिशत ही रह गया। इस दौरान रिकार्ड सरकारी निवेश हुआ, लेकिन वह इस मोर्चे पर कमी को पूरा करने के लिहाज से पर्याप्त नहीं।

## आज का विचार

समझदार इंसान वो नहीं होता जो
ईंट का जवाब पत्थर से देता है,
समझदार इंसान वो होता है
जो फेंकी हुई ईंट से
आशियाँ बना लेता है

भारत संवाद

## राशिफल



**मेष राशि** : दिन सुखद और शानदार रहेगा. घर में मांगलिक कार्य के योग बनेंगे आपका रुका हुआ कोई पुराना कार्य पूर्ण होने से मन प्रसन्न रहेगा. प्रशासनिक क्षेत्र में पदोन्नति मिलने का योग बन रहा है. आज का दिन आपके लिए कुछ नया लेकर आने वाला है. परिवार में आपसी सामंजस्य से देखने को मिलेगा.

**वृषभ राशि**: आज स्वास्थ्य का ध्यान रखें. आज कुछ विशेष कार्य के लिए आपका चयन किया जा सकता है. कार्यक्षेत्र में आपके कार्य की प्रशंसा होगी. अधिकारी वर्ग आपसे प्रसन्न रहेंगे. आज का दिन आपके लिए कोई खुशखबरी लेकर आने वाला है. आज व्यर्थ के वाद विवाद से दूर रहें.

**मिथुन राशि**: आज आप व्यर्थ के कार्यों में उलझे रहेंगे, जिस कारण आपका समय और धन व्यय होगा. आज किसी भी बात पर क्रोधित होना आपके लिए अच्छा नहीं होगा. कुछ बातों को इग्नोर करना आज आपके लिए अच्छा रहेगा. व्यापार-व्यवसाय में पार्टनरशिप पर विचार करके ही कोई कार्य करें..

**कर्क राशि**: आज का दिन आपके लिए ज्यादा अच्छा नहीं कहा जा सकत. आज आप विवादों से दूर रहें. प्रशासनिक क्षेत्र में अधिकारी वर्ग से मतभेद बढ़ सकते हैं. आज आप कार्यक्षेत्र में अपने शत्रु वर्ग से काफी परेशान रहेंगे. पारिवारिक दृष्टि से आज स्थिति ठीक रहेगी.

**सिंह राशि** : आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा. घर में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है. घर-परिवार में किसी मांगलिक कार्य के योग बनेंगे. आज परिवार में माता-पिता और भाई किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं. व्यापार क्षेत्र में लाभ के योग बनते दिखाई दे रहे हैं.

**कन्या राशि**: आज किसी नए कार्य की शुरूआत करना आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा. कार्यक्षेत्र में नए सहयोगी मिलेंगे. आज आर्थिक स्थिति में इजाफा होगा। परिवार में भाई और भतीजे से आर्थिक सहयोग प्राप्त हो सकता है.

**तुला राशि** : आज के दिन कुछ समस्याएं सामने आ सकती हैं, जिस कारण आप कुछ परेशान नजर आएंगे. आज कार्य के चक्कर में आपको बाहर की लंबी यात्रा करनी पड़ सकती हैं. स्वास्थ्य का ध्यान रखें.

**वृश्चिक राशि**: आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा. नौकरी वर्ग वाले व्यक्तियों को अपने अधिकारी से संबंध अच्छे रखने होंगे. वाणी पर संयम रखना आपके लिए अच्छा होगा. आज के दिन आप किसी नए कार्य की शुरूआत करना चाह रहे हैं, तो मन की बात किसी से शेयर न करें.

**धनु राशि**: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है. आप कोई नया कार्य शुरू करने का सोच रहे हैं, तो उसमें सफलता मिलेगी. आज किसी पुराने प्रसिद्ध व्यक्ति से मुलाकात होगी, जिससे मन प्रसन्न रहेगा. रुका हुआ धन प्राप्त होगा. स्वास्थ्य ठीक रहेगा. परिवार में मान सम्मान बढ़ेगा.

**मकर राशि**: आज आपका दिन व्यर्थ की भागदौड़ में उलझा रहेगा. किसी वाद विवाद में आज आप फंस सकते हैं. विरोधियों के षड्यंत्र का शिकार हो सकते हैं. स्वास्थ्य में गिरावट महसूस होगी. व्यापार-व्यवसाय में हानि उठानी पड़ेगी.

**कुंभ राशि**: कुंभ राशि आज का दिन परेशानियों से भरा रहेगा। आज कोर्ट कचहरी आदि के विवाद में फंस सकते हैं. आपका कोई व्यापार में बड़ा नुकसान हो सकता है. विरोधी वर्ग आपके प्रति षड्यंत्र रह सकते हैं. कोई बड़ा निवेश आज व्यापार में न करें. स्वास्थ्य का ख्याल रखें. परिवार में पत्नी से मतभेद बढ़ सकते हैं।.वाणी पर संयम रखें. वाद-विवाद से दूर रहे

**मीन राशि**: आज आप अपने मित्रों के साथ किसी धार्मिक यात्रा आदि पर जा सकते हैं. अपने सामान आदि की रक्षा रखें। नहीं तो नुकसान उठाना पड़ सकता है. स्वास्थ्य को लेकर खानपान पर ध्यान रखें. व्यापार-व्यवसाय में किसी नए काम की शुरूआत की योजना बन सकती है. नौकरी वर्ग में अधिकारियों का पूर्ण सहयोग मिलेगा.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# कैसे सुरक्षित होगी हवाई यात्रा? अहमदाबाद विमान और उत्तराखंड हेलिकॉप्टर हादसे ने बढ़ाई चिंता

> **अहमदाबाद हादसे पर एअर इंडिया प्रबंधन के साथ टाटा समूह स्वाभाविक रूप से दुखी और गंभीर है लेकिन एअर इंडिया में भागीदार सिंगापुर एयरलाइंस के बारे में कुछ कहना कठिन है। एसआइए में सिंगापुर सरकार की भी हिस्सेदारी है। वहां के पीएम ने तो अहमदाबाद हादसे पर दुख जताया पर एसआइए के एक्स(ट्विटर) हैंडल पर संवेदना का एक शब्द नहीं दिखा।**

पा दुनिया को स्तब्ध और भारतीयों को गहरी पीड़ा से भर देने वाली अहमदाबाद विमान दुर्घटना की चर्चा जारी रहना स्वाभाविक है।यह आवश्यक भी है, क्योंकि हाल के इतिहास में ऐसा हवाई हादसा याद करना कठिन है, जिसमें इतने अधिक भारतीयों की मौत हुई हो।एअर इंडिया के अभागे 787 ड्रीमलाइनर विमान के उड़ान भरते ही गिरने से एक यात्री के चमत्कारिक ढंग से बच जाने के अतिरिक्त सभी यात्री और चालक दल के सदस्य काल के गाल में समा गए।यह विमान पास के मेडिकल कालेज के जिस हास्टल की कैंटीन पर आग का गोला बनकर गिरा, वहां कुछ मेडिकल छात्र और अन्य लोग भी मारे गए।अहमदाबाद विमान हादसे के कारणों को लेकर आम लोगों के साथ विशेषज्ञों के अपने-अपने विचार हैं।इनमें एक कैप्टन स्टीव भी हैं, जिन्होंने अहमदाबाद हादसे के कारणों को लेकर जो दावा किया, उसे खुद ही बदल दिया, लेकिन इसके पहले उन्हें एक भारतीय टीवी चैनल पर ज्ञान देते देखा गया।अन्य विशेषज्ञ अनुमान लगा रहे हैं कि बोइंग का अपेक्षाकृत नया और आधुनिक ड्रीमलाइनर विमान किन कारणों से ऐसे भयावह हादसे का शिकार बना।चूंकि बोइंग के इस विमान के साथ पेश आया यह पहला बड़ा हादसा है, इसलिए भारत समेत विश्व भर की एयरलाइंस एवं हवाई संचालन सेवा से जुड़ी संस्थाएं चिंतित हैं।इस हादसे की राष्ट्रीय के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गहन जांच हो रही है।इसी के साथ जो प्रश्न उठे हैं, उनके घेरे में एअर इंडिया प्रबंधन, टाटा समूह, डीजीसीए, एयरपोर्ट अथारिटी और भारत सरकार आदि के साथ बोइंग कंपनी भी है।इस हादसे के बाद बोइंग के अलावा एअर इंडिया में भागीदार



सिंगापुर एयरलाइंस (एसआइए) के साथ कुछ अन्य एयरलाइंस के शेयर भी गिरे।अहमदाबाद में हवाई हादसे के बाद से भारत समेत दुनिया भर में विमानों के संचालन में छोटी-बड़ी खामी मिलने, उड़ान रद होने, रोके जाने के समाचार थमने का नाम नहीं ले रहे हैं।इनमें ड्रीमलाइनर समेत अन्य विमान भी हैं।निर्माण के दौरान अपने विमानों के सेफ्टी सिस्टम की अनदेखी के कारण बोइंग गंभीर सवालों के घेरे में रही है।इस कंपनी के ह्विसिलब्लोअरह्न इंजीनियर सैम सालेहपोर ने ड्रीमलाइनर एवं अन्य विमानों के निर्माण में जानबूझकर लापरवाही बरतने का आरोप मढ़ा था।इसके चलते बोइंग की खूब बदनामी हुई थी।बोइंग ने इस इंजीनियर के आरोप खारिज करते हुए कहा था कि वह अपने सभी विमानों के निर्माण में जरूरी सावधानी बरतती है, पर शायद उसने ऐसा नहीं किया।2021 में अमेरिकी फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन ने ड्रीमलाइनर की डिलीवरी रोक दी थी।बोइंग के बदनाम हुए मैक्स विमान इस्तेमाल कर रही इंडोनेशिया और इथोपिया एयरलाइंस के नए विमान 2018-19 में पांच महीने के अंतराल पर दुर्घटनाग्रस्त हुए थे।

इनमें कुल 346 लोग मारे गए थे।इन हवाई हादसों की जांच में यह सामने आया था कि बोइंग ने धोखाधड़ी की। उसके मैक्स विमानों के साफ्टवेयर में खामी थी और इस खामी को दूर कर सकने वाले जिन उपायों से विमान के लैस होने का उसने वादा किया था, वे उनमें थे ही नहीं।इसके चलते बोइंग की साख को धक्का तो लगा ही, इन दोनों हादसे में मारे गए लोगों के स्वजनों से अदालत के बाहर समझौता करने के बाद भी बोइंग को भारी भरकम हजार्ना देना पड़ा।इससे उसे तगड़ी आर्थिक क्षति उठानी पड़ी। बोइंग की पोल खोलने का काम उसके कई औ? अधिकारी कर चुके हैं।ये भी ह्विसिलब्लोअरह्न कहलाए।इनके भी ऐसे आरोप थे कि बोइंग विमानों को आनन-फानन बनाने के लिए शार्टकट इस्तेमाल करती है और इससे विमानों की सुरक्षा खतरे में पड़ती है।बोइंग अपने कर्मियों के असंतोष औ? उनकी हड़ताल का भी सामना कर चुकी है। इसके चलते उसके विमानों का उत्पादन प्रभावित हुआ और वह कहीं कम आर्डर की सप्लाई कर पा रही है।फिर भी एअर इंडिया समेत अन्य एयरलाइंस उसके विमान खरीदने के आर्डर देती रहती हैं।ऐसा करना उनकी मजबूरी भी हो सकती है।जो भी हो, बोइंग का इतिहास बहुत दागदार है।टाटा एयरलाइंस की स्थापना भारत में सिविल एविएशन के जनक जेआरडी टाटा ने की थी। बाद में सरकार ने इसका अधिग्रहण कर लिया और नाम कर दिया एअर इंडिया।एअर इंडिया को कुप्रबंधन और घाटे से उबारने के लिए मोदी सरकार ने उसे निजी कंपनी को बेचने का फैसला लिया।स्वाभाविक रूप से पहली पसंद टाटा समूह बना। 2022 में एअर इंडिया उसके हाथों में चली गई।नाम एअर इंडिया ही रहा। इससे दुनिया में कुछ लोग इसे भारत सरकार की एयरलाइंस समझते हों तो हैरानी नहीं।टाटा समूह के हाथ में जाने के बाद माना यह गया कि अब इसका संचालन सुगम एवं सुरक्षित तरीके से होगा, लेकिन अहमदाबाद का हादसा संकेत कर रहा है कि संभवतः ऐसा नहीं हो सका है।उस पर विमान संचालन में पर्याप्त सजगता न बरतने के आरोप में जुमार्ना भी लग चुका है।उसे सुविधाओं में कमी-अनदेखी के आरोप से भी दो-चार होना पड़ा है।एक बार तो केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ही शिकायत कर चुके हैं।अहमदाबाद हादसे पर एअर इंडिया प्रबंधन के साथ टाटा समूह स्वाभाविक रूप से दुखी और गंभीर है, लेकिन एअर इंडिया में भागीदार सिंगापुर एयरलाइंस के बारे में कुछ कहना कठिन है।एसआइए में सिंगापुर सरकार की भी हिस्सेदारी है।वहां के पीएम ने तो अहमदाबाद हादसे पर दुख जताया, पर एसआइए के एक्स(ट्विटर) हैंडल पर संवेदना का एक शब्द नहीं दिखा। अहमदाबाद हादसे को लेकर जो सवाल उठे हैं, उनका उसे भी तो जवाब देना होगा।यदि यह समय एअर इंडिया के लिए परीक्षा की घड़ी है तो एसआइए के लिए भी। निःसंदेह समय के साथ विमान यात्रा सुरक्षित हुई है, लेकिन हर हवाई हादसे पर विमानों के सुरक्षित संचालन पर वैसे ही सवाल भी उठते हैं, जैसे इन दिनों उठ रहे हैं। अहमदाबाद हादसे के बाद उत्तराखंड में एक और जानलेवा हेलीकाप्टर हादसे के चलते ये सवाल और अधिक चिंता का कारण बन गए हैं। अब अपने देश में विमान और हेलीकाप्टर सेवाओं का उपयोग बड़ी संख्या में आम आदमी कहे जाने वाले लोग भी करते हैं, क्योंकि हवाई यात्रा जरूरत बन गई है।इसीलिए कहा जाता है कि हमारे देश के हवाई चप्पल पहनने वाले भी हवाई यात्रा कर रहे हैं।यह एक हद तक सच भी है।हवाई यात्रा सुरक्षित हो, यह एयरलाइंस और नियामक संस्थाओं के साथ भारत सरकार को भी सुनिश्चित करना होगा।आज के युग में आम और खास के लिए हवाई यात्रा जरूरी भी है और मजबूरी भी। किसी कारण लोगों की जान जोखिम में पड़े, यह अस्वीकार्य है। हम इसकी भी अनदेखी नहीं कर सकते कि अपने देश में रेल और सड़क यात्रा विकसित देशों के मुकाबले जोखिम भरी है।सड़क हादसों में मरने वालों की संख्या तो घटने का नाम ही नहीं ले रही है।

# आम जिंदगी में आर्थिक सुराख-मोबाइल और इंटरनेट

संजीव ठाकुर

समाज मे आज मध्यम,निम्न वर्ग के लोगों द्वारा मोबाइल, कम्प्यूटर, इंटरनेट का बेजा व अनावश्यक उपयोग,प्रयोग सीधे-सीधे आम उपभोक्ता के लिए उनकी आर्थिक स्थिति में सेंध मारने जैसा कार्य है, जो आम आदमी की के लिए नशे की लत सदृश्य है।बच्चे,युवा मोबाइल के बेहद आदि हो गए हैं उनकी इस आदत से पीछा छुड़ाना भी अभिभावकों के लिये सिरदर्द बन चुका है।टेलीफोन, मोबाइल, इंटरनेट के अविष्कार के बाद मानवीय संचार माध्यम के अविष्कार के बाद संचार विज्ञान के इतिहास में अत्यंत समीचीन तथा भविष्य का एक तूफानी विकास है। विभिन्न संचार माध्यमों के आपस में जुड़े कंप्यूटर एवं विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का समूह कंप्यूटर नेटवर्क कहा जाता है, और इन्हीं कंप्यूटर नेटवर्क का विश्व स्तरीय अंतरजाल को अंग्रेजी में इंटरनेट कहा जाता है। अमेरिका में एक दूसरे के सूचना माध्यमों को जोड़कर जानकारी गुप्त रूप से आदान-प्रदान करने के लिए 1969 में अमेरिका में कंप्यूटर में 'अपारनेट' की स्थापना की गई थी। इसी परिकल्पना के साथ कंप्यूटर नेटवर्क, आगे चलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेटवर्क इंटरनेट के रूप में परिवर्तित हो गया।इंटरनेट का सार्थक उपयोग समाज में शिक्षा संगठन और भागीदारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण पॉजिटिव ट्रैक होने के साथ एक चमत्कारिक परिवर्तन समाज में आया है। आज लोगों के शौक खेलना, पढ़ना ,संगीत सुनना, चित्र बनाना ,फोटोग्राफी परिवर्तित होकर 90% लोगों के इंटरनेट सर्फिंग, संगीत सुनना और चित्र बनाने जैसे शौक इंटरनेट से मोबाइल अथवा कंप्यूटर के माध्यम से पूरे किए जा रहे हैं। विश्व में जनसंख्या के हिसाब से 4 अरब लोग इंटरनेट कंप्यूटर तथा मोबाइल के माध्यम से सुबह शाम इस्तेमाल कर रहे हैं। भारतीय परिपेक्ष में 140 करोड़ की



अनुमानित जनसंख्या वाले देश में लगभग 40% लोग मोबाइल और इंटरनेट का उपयोग कर एक दूसरे से जुड़ने का प्रयास कर रहे हैं। इंटरनेट एक ऐसा सेवक है जो मोबाइल के माध्यम से आपके सभी आदेशों का पालन करने के लिए दिन रात उपलब्ध है। मोबाइल और कंप्यूटर में उपयोग होने वाला इंटरनेट एक ऐसा अंतरजाल है जिस का आविष्कार सूचनाओं को साझा करने के उद्देश्य किया गया था और अब सूचना प्रौद्योगिकी के इस वर्तमान काल में दस्तावेजों एवं ध्वनि माध्यम के साथ वीडियो का आदान प्रदान करना भी इंटरनेट के माध्यम से संभव हो गया है। हवाई जहाज की, होटल की, किताबों की और व्यापार बढ़ाने की योजनाओं की बुकिंग इंटरनेट द्वारा घर बैठे कंप्यूटर या मोबाइल से किया जा सकता है। सरकार की प्रशासनिक कार्यों से लेकर व्यापार ,शिक्षा के नव अवसर भी इंटरनेट के माध्यम से पूर्ण किए जाने लगे हैं। इंटरनेट ने पूरे विश्व को एक दूसरे के एकदम करीब लाने के साथ-साथ सूचना प्रौद्योगिकी में एक चमत्कारिक परिवर्तन लाया है।भारत में इस इंटरनेट या अंतरजाल ने जहां पूरे भारत को एक करके रख दिया है वहीं दूसरी तरफ इंटरनेट की सेवाएं जो एयरटेल आइडिया, डोकोमो, टाटा,जिओ और बीएसएनएल जैसी कंपनियां भारतीय उपभोक्ताओं को शहर से लेकर गांव तक अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। दूसरी तरफ पूर्व में जहां गरीब उपभोक्ता ?10 से लेकर ?100 तक आसानी से रिचार्ज करा लिया करता था ,अब इंटरनेट की कंपनियां 200 से लेकर ?1000 तक बात करने की सुविधा के साथ इंटरनेट की सुविधा भी साथ में उपलब्ध करा रहे हैं जो सीधे-सीधे आम उपभोक्ता के लिए उनकी आर्थिक स्थिति में सेंध मारने जैसा कार्य है। हालांकि यह सेवाएं स्वैच्छिक हैं, उपभोक्ता इंटरनेट की सेवाएं लेना चाहे तो ले अन्यथा केवल बातचीत करने की सेवाएं सी ले सकता है,पर एक बार इंटरनेट इस्तेमाल करने की आदत पड़ने के बाद उपभोक्ता इसका आदी होने लगता है।अब स्थिति यह है कि सीधा 28,58,89 दिनों के लिए इंटरनेट के साथ बात करने की सुविधा महंगी दरों में उपलब्ध कराई जा रही है। जिससे गरीब उपभोक्ता की जेबों में हमला कर उनका मासिक बजट बिगाड़ने का काम हो रहा है, इस तरह से बात करने की सुविधा के साथ इंटरनेट भी दिया जाना भारत के ग्रामीण क्षेत्र में गरीब व्यक्ति को और भी गरीबी के दलदल में धकेलने जैसा ही है।यह सभी कंपनियों का गरीब उपभोक्ता के जेबों में सीधे-सीधे पैसे निकालने का सुनियोजित षड्यंत्र की तरह कर रहीं है। भारत के हर तीसरे व्यक्ति के पास एंड्राइड या स्मार्टफोन उपलब्ध है और यह बड़ी कंपनियां हर माह इन उपभोक्ताओं को आवश्यक रूप से इंटरनेट उपलब्ध कराने के पैकेज देकर अपना उल्लू सीधा करने का प्रयास कर रही है, इस पर प्रभावी नियंत्रण अति आवश्यक है। इस तरह के मोबाइल रिचार्ज पर सरकार को कड़ा कानून बनाकर इस के नियमन पर नियंत्रण रखना होगा। यह एक तरह की उपभोक्ताओं की परोक्ष तथा अदृश्य भावनाओं से खेल कर उनके बजट से आर्थिक लाभ लेने की सुनियोजित योजनाएं हैं ,जिनमें तत्काल नियंत्रण की आवश्यकता होगी। भारत में इंटरनेट सेवा की शुरूआत भारत संचार निगम लिमिटेड ने वर्ष 1995 की थी अब एयरटेल, रिलायंस, टाटा इंडीकॉम, वोडाफोन, जैसी दूरसंचार कंपनियां इंटरनेट सेवा उपलब्ध कराती है।विज्ञान की प्रकृति के साथ-साथ सूचना संचार माध्यम में आशातीत वृद्धि हुई है। इंटरनेट के माध्यम से न केवल उच्च शिक्षा प्राप्त की जा सकती बल्कि रोजगार प्राप्ति के लिए सहायक होते हैं।शिक्षा के क्षेत्र में कहा जाता है कि इंटरनेट दुनिया के सबसे बड़ा पुस्तकालय है यहां सभी पुस्तकें पढ़ने के लिए उपलब्ध हैं। इंटरनेट की एक को ही देखकर हमें भारतीय संदर्भ में आम उपभोक्ताओं के आर्थिक बजट को भी ध्यान में रखकर इंटरनेट उपलब्ध कराने वाली एजेंसियों पर नजर रख बातचीत करने के लिए सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ इंटरनेट उपलब्ध कराना एक विकल्प रखना चाहिए।अन्यथा सीधा-सीधा इंटरनेट कंपनियां भारतीय आम उपभोक्ताओं का बजट बिगड़ने का काम ही कर रही है। इसके अलावा इंटरनेट से बच्चों तक अवांछित नग्न दृश्य भी इंटरनेट आसानी से उपलब्ध कराकर उनके भविष्य से खिलवाड़ भी कर रहा है। लोग इंटरनेट का दुरुपयोग कर अश्लील साइटों को देखने और सूचनाओं को चुराने में भी सकते इससे साइबर अपराधों में वृद्धि हुई है।भया दोहन की घटनाएं भी बार-बार इंटरनेट के माध्यम से आम उपभोक्ताओं को परेशान कर रही है। अतः भारतीय उपभोक्ताओं को यह सलाह है कि इंटरनेट का ज्ञान की तरह उपयोग करें ,कूड़ेदान की तरह नहीं।यदि इसका सही उपयोग ज्ञान के सागर में गोता लगाने के लिए किया जाए और ज्ञान उपलब्ध हो सके तो इससे अच्छी कोई बात नहीं हो सकती।

# कर्मों की कुशलता ही योग है

(कुमार कृष्णन)

आधुनिक जीवनशैली या स्वास्थ्य संबंधी आदतें शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर रही हैं। आधुनिक जीवनशैली के कारण मनोवैज्ञानिक और शारीरिक स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिम लगातार बढ़ रहे हैं। आज, बहुत से लोग अस्वस्थ जीवनशैली अपनाते हैं और गंभीर बीमारियों, विकलांगताओं और यहाँ तक कि मृत्यु का सामना करते हैं। अव्यवस्थित जीवनशैली से हृदय संबंधी रोग, जोड़ों और हड्डियों की समस्याएँ, मोटापा और उच्च रक्तचाप जैसी कई चयापचय संबंधी बीमारियाँ भी हो रहीं हैं।

आधुनिक जीवन शैली अपनाने के कारण आज का मानव न चाहते हुए भी दबाव एवं तनाव, अविश्राम, अराजकता, रोग ग्रस्त, अनिद्रा, निराशा, विफलता, काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, ईर्ष्या तथा अनेकानेक कष्टपूर्ण परिस्थितियों में जीवन निर्वाह करने के लिए बाध्य हो गया है। परिणामस्वरूप अनेकानेक शारीरिक रोगों के साथ-साथ मानसिक असंतुलन, चिंताएं, उदासी, सूनापन एवं दुर्भावनात्मक विचार उसे चारों ओर से घेर लेते हैं। इन परिस्थितियों का दृढ़ता के साथ सामना करने के लिए हमारी भारतीय पौराणिक योग पद्धति सहायता कर सकती हैं। योग साधना को यदि अपने जीवन का अभिन्न अंग बना दिया जाए तो यह मानव की खोई हुई राजसत्ता की पुनर्प्राप्ति का आश्वासन देता है एवं पुनः अनन्त सत्य के साथ जीवन जीने की कला सिखाता है। योग स्वयं जीवन का संपूर्ण सद्विज्ञान है। योग हमारे सभी शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक कष्टों एवं रोगों से मुक्ति दिलाता है। यह परिपूर्णता एवं अखण्ड आनंद के लिए वचनबद्ध है। भगवान श्री कृष्ण श्रीमद्भागवत गीता में स्वयं योग की परिभाषा द्वितीय अध्याय के पचासवें श्लोक में देते हैं- योगः कर्मसु कौशलम्अर्थात कर्मों की कुशलता का नाम योग है।

महर्षि पतञ्जलिकृत योग-दर्शन में व्याख्या की गई है।

योगश्चित्र वृत्ति निरोधः अर्थात चित्रवृत्तियों का नियंत्रण ही योग है। योग साधक अपने स्वरूप में स्थित हो जाता है योग अनुशासन का दूसरा नाम है।महर्षि पतञ्जलि का अष्टांग योग भौतिक उन्नति के साथ आध्यात्मिक विकास के लिए मन पर नियंत्रण की प्रेरणा देता है यह केवल हिमालय पर रहने वाले साधु-संतों, सन्यासियों के लिए ही नहीं, अपितु सभी गृहस्थियों के लिए भी एक सन्मार्ग है।भारतीय योग को अनेक महान हस्तियों द्वारा अलंकृत किया गया।

इनमें क्रियायोग के आदिगुरु श्यामाचरण लाहिड़ी,तिरूमलाई कृष्णमाचारी, स्वामी शिवानंद सरस्वती, श्रीयोगेन्द्र, के पट्टाभिजायस, बी.के आयंगर,स्वामी सत्यानंद सरस्वती,स्वामी निरंजनानंद सरस्वती जिन्होंने सर्वांगीण योग चेतना के माध्यम से न सिर्फ रोगी मनुष्य के कायाकल्प का प्रयास किया बल्कि प्राचीन प्रबुद्धता की व्याख्या करते हुए हर प्रकार के भ्रामक विचारों और व्यवहारों के विरूद्ध संघर्षरत समाज की सेवा में अपनी नवप्राप्त ऊर्जा लगाकर एक आध्यात्मिक रूप से प्रबुद्ध व्यक्तित्व का सृजन किया। स्वामी शिवानंद वर्तमान युग के प्रथम मनीषी हुए जिन्होंने यह भलीभांति समझा कि आधुनिक समाज की आवश्यकता वेदांत जैसे उच्च शास्त्रीय सिद्धांत नहीं बल्कि सरल, सुलभ एवं व्यवहारिक योग विद्या है। योग के माध्यम से न केवल मनुष्य की शारीरिक मानसिक, भावनात्मक एवं आध्यात्मिक जरूरतें पूरी हो सकती हैं बल्कि मानव व्यक्तित्व का पूर्ण रूपान्तरण किया जा सकता है

योग के मुख्य आठ अंग हैं- यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान एवं समाधि।

पांच यम हैं झ अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह।

पांच नियम हैं- शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय एवं ईश्वर प्राणिधान।

यम और नियम के पश्चात अष्टांग योग का तृतीय अंग है

# एकनाथ शिंदे ने पहलगाम में मारे गये सैयद आदिल हुसैन शाह के पारिवारिक मकान के पुनर्निर्माण का वादा निभाया

हम आपको याद दिला दें कि इस हमले के बाद एकनाथ शिंदे 23 अप्रैल को श्रीनगर पहुँच गये थे और वहां फंसे हुए महाराष्ट्र के पर्यटकों की मदद कर रहे थे। उस दौरान उन्होंने आदिल हुसैन शाह के साहस से प्रभावित होकर उनके परिवार को मदद देने का निर्णय लिया था।



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शिवसेना प्रमुख और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने एक बार जो जुबान दे दी उस पर वह हमेशा खरे उतरते हैं। यही नहीं, वह महाराष्ट्र के लोगों की तो मदद करते ही हैं साथ ही देश के अन्य भागों में भी जरूरतमंदों की मदद करने से नहीं हिचकते। हम आपको बता दें कि दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में पर्यटकों की जान बचाते हुए शहीद हुए सैयद आदिल हुसैन शाह के परिवार को 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने वाले एकनाथ शिंदे अब उसके पारिवारिक मकान का पुनर्निर्माण भी करवा रहे हैं। हम आपको याद दिला दें कि 20 वर्षीय सैयद आदिल हुसैन शाह, जो एक घोड़ा सवारी (पोनी राइड) ऑपरेटर थे, वह 22 अप्रैल को हुए हमले में एकमात्र स्थानीय व्यक्ति थे जो पर्यटकों को बचाते हुए मारे गये। आदिल ने अपनी जान की परवाह किए बिना पर्यटकों को बचाने की कोशिश की थी और एक आतंकवादी से राइफल छीनने की कोशिश भी की। इस दौरान उन्हें गोली मार दी गई थी। हम आपको याद दिला दें कि इस हमले के बाद एकनाथ शिंदे 23 अप्रैल को श्रीनगर पहुँच गये थे और वहां फंसे हुए महाराष्ट्र के पर्यटकों की मदद कर रहे थे। उस दौरान उन्होंने आदिल हुसैन शाह के साहस से प्रभावित होकर उनके परिवार को मदद देने का निर्णय लिया था। उस समय उनकी पार्टी के कार्यकताओं ने पहलगाम जाकर आदिल के परिवार को 5 लाख रुपये का चेक सौंपा था।

# विवाद के बीच मुख्यमंत्री फडणवीस का आश्वासन

## महाराष्ट्र के स्कूलों में अब कोई भी भारतीय भाषा तीसरा विकल्प

देहू में पत्रकारों से बात करते हुए फडणवीस ने कहा कि अंग्रेजी को व्यापक रूप से बढ़ावा दिया जाता है, लेकिन भारतीय भाषाओं को अक्सर नजरअंदाज किया जाता है और कहा कि भाषाओं को लेकर विवाद अनावश्यक हैं।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क





महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि राज्य में छात्रों के लिए हिंदी सीखने की अनिवार्यता को एक नए आदेश में हटा दिया गया है, और अब किसी भी भारतीय भाषा को तीसरी भाषा के रूप में चुना जा सकता है। देहू में पत्रकारों से बात करते हुए फडणवीस ने कहा कि अंग्रेजी को व्यापक रूप से बढ़ावा दिया जाता है, लेकिन भारतीय भाषाओं को अक्सर नजरअंदाज किया जाता है और कहा कि भाषाओं को लेकर विवाद अनावश्यक हैं।राज्य सरकार ने मंगलवार को एक आदेश जारी कर कहा कि मराठी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों को हिंदी आम तौर पर तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाई जाएगी। संशोधित सरकारी प्रस्ताव (जीआर) में कहा गया है कि हिंदी अनिवार्य होने के बजाय आम तौर पर तीसरी भाषा होगी, और यदि किसी स्कूल में प्रति कक्षा 20 छात्र हिंदी के अलावा किसी अन्य भारतीय भाषा का अध्ययन करने की इच्छा व्यक्त करते हैं, तो उन्हें इससे बाहर निकलने का विकल्प दिया गया है।कुछ मराठी समर्थक संगठनों ने सरकार पर शुरू में पीछे हटने के बाद ₹पिछले दरवाजे₹ से नीति को फिर से लागू करने का आरोप लगाया, और विपक्षी कांग्रेस ने सरकार पर मराठी लोगों की छाती में ₹छुरा घोंपने₹ का आरोप लगाया। मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने पूछा कि छात्रों पर हिंदी ₹थोपने₹ की क्या जरूरत थी और राज्य के स्कूलों से अपील की कि वे सरकार के ₹जानबूझकर भाषाई विभाजन पैदा करने के छिपे हुए एजेंडे₹ को विफल करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि हिंदी कुछ उत्तरी राज्यों की राज्य भाषा है और इसे महाराष्ट्र पर थोपना गलत है, जहाँ मराठी का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है। राज्य सरकार ने अपने आदेश में ये भी कहा है कि कक्षा 6 से 10 के लिए भाषा नीति राज्य पाठ्यक्रम योजना- स्कूल दिशानिर्देश के अनुसार होगी। फिलहाल राज्य सरकार ने अपना आदेश सरकारी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है, जिसका कोड नंबर 202506172233593421 है। आदेश में कहा गया है कि सरकारी शुद्धिपत्र डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित करके जारी किया जा रहा है।

फास्ट ट्रैक

# मध्य रेल ने पुणे-मिरज दोहरीकरण परियोजना के सबसे चुनौतीपूर्ण खंड शिंदवणे-आंबले का दोहरीकरण कार्य पूरा कर लिया है

## इसके साथ ही, 145 किलोमीटर लंबे पुणे-सतारा खंड का दोहरीकरण कार्य पूर्ण

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मध्य रेल ने शिंदवणे- आंबले घाट खंड का दोहरीकरण कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है, जो पुणे-मिरज दोहरीकरण परियोजना में एक प्रमुख मील का पत्थर है। 9.45 किलोमीटर लंबे इस खंड को अपने कठिन भूभाग और जटिल इंजीनियरिंग आवश्यकताओं के कारण पूरे कॉरिडोर का सबसे चुनौतीपूर्ण खंड माना जाता है। इसके साथ ही, पुणे-सतारा के महत्वपूर्ण खंड का दोहरीकरण कार्य अब पूरा हो गया है। दिनांक 17.06.2025 को रेलवे संरक्षा आयुक्त द्वारा निरीक्षण के बाद शिंदवणे- आंबले खंड को चालू किया गया था। इस खंड के पूरा होने के साथ, पुणे-मिरज दोहरीकरण परियोजना के 279 किलोमीटर में से कुल 258 किलोमीटर का हिस्सा अब चालू हो गया है।

शिंदवाणे-आंबले खंड के दोहरीकरण कार्य को पूरा करने में कई इंजीनियरिंग और लॉजिस्टिक चुनौतियाँ सामने आईं:

140 मीटर लंबी 1 सुरंग

100 में 1 का रूलिंग ग्रेडिएंट, जिसके लिए सावधानीपूर्वक संरेखण और निर्माण योजना की आवश्यकता थी

30.5 मीटर के 13 स्पैन वाला 1 महत्वपूर्ण वायडक्ट पुल, जिसमें सबसे ऊंचा खंभा 42 मीटर तक पहुँचता है, एक ही कैलेंडर वर्ष के भीतर पूरा हुआ और लॉन्ग वेल्डेड रेल अनुपालन के लिए डिजाइन किया गया

पीएससी और कम्पोजिट गर्डरों के साथ 18.3 मीटर तक ऊँचे खंभे और एबटमेंट वाले 5 प्रमुख वायडक्ट पुल

तटबंध में 30 लाख क्यूबिक मीटर मिट्टी का कार्य, जिसमें सबसे ऊँचा किनारा 35 मीटर तक पहुँचता है

कटिंग में 20 लाख क्यूबिक मीटर मिट्टी का कार्य, जिसकी अधिकतम गहराई 25 मीटर है

खंड में फैले 23 छोटे पुल

16 शार्प कर्व, जिनमें से एक 6-डिग्री वक्रता वाला है

भौगोलिक बाधाओं, ऊंचे तटबंधों, गहरी कटाई और प्रमुख पुल निर्माण कार्यों को पार करते हुए, यह खंड समय पर और उच्च गुणवत्ता वाले बुनियादी ढांचे के निष्पादन के लिए मध्य रेल की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

इस दोहरीकरण से सड़क मार्ग पर भीड़भाड़ कम करने, समय की पाबंदी बढ़ाने, क्षमता बढ़ाने और अतिरिक्त यात्री और माल ढुलाई सेवाओं की शुरूआत में मदद मिलेगी।

# फेरीवाले यूनियन ने श्रीमती माधुरी मिसाल, शहरी विकास राज्य मंत्री से की मुलाकात

## वेंडर एक्ट, 2014 को लागू करने की मांग की

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क





मुंबईः महाराष्ट्र जनता हॉकर यूनियन (MJHU) के प्रतिनिधिमंडल ने केंद्र सरकार द्वारा पारित वेंडर एक्ट 2014 को लागू कराने की मांग को लेकर शहरी विकास राज्य मंत्री श्रीमती माधुरी मिसाल को एक ज्ञापन सौंपा। यूनियन के संस्थापक अध्यक्ष श्री सुरेन्द्रकुमार बाजपेई ने कहा कि यूनियन ने शहरी विकास राज्य मंत्री को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा जिसमें महाराष्ट्र सरकार से वेंडर एक्ट, 2014 को पूरी सख्ती से लागू करने की मांग की गई। श्री बाजपेई ने बताया कि श्रीमती माधुरी मिसाल ने यूनियन को आश्वासन दिया कि सरकार उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगी। बैठक में यूनियन के अन्य प्रमुख पदाधिकारी भी उपस्थित थे, जिनमें सलाहकार सुहास बने और निलेश कंटप्रिया, उपाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह और निखिल हरपुडे, महासचिव बी. व्ही. साळवी, कोषाध्यक्ष सुरेश गुप्ता एवं सचिव अकबर शेख, विनोद मोरे, अमित वेळूकर पाटील शामिल थे।ज्ञापन में महाराष्ट्र सरकार का ध्यान वेंडर एक्ट की धारा 3(2) की ओर आकर्षित किया गया, जिसमें कहा गया है ह्यनगर विक्री समिती सभी फेरीवालो का सर्वेक्षण कर उन्हे वेंडिंग जोन में समायोजित किया जाए बशर्ते कि यह फेरीवालो की संख्या उस वार्ड/क्षेत्र/नगर/शहर की जनसंख्या के 2.5% तक सीमित हो. इस अधिनियम में स्पष्ट रूप से एक शहर में वेंडिंग करने वाले फेरीवालो की अधिकतम सीमा 2.5% निर्धारित की गई है। मुंबई की जनसंख्या के अनुसार लगभग 3.75 लाख फेरीवालो इस श्रेणी में आते हैं। श्रीमती मधुरी मिसाल ने विधानसभा में बताया था कि बीएमसी ने 2014 में फेरीवालो का सर्वे किया था, जिसमें कुल 99,435 आवेदन प्राप्त हुए थे, लेकिन इनमें से केवल 32,415 फेरीवालो को पात्र माना गया। श्री बाजपेई ने सवाल उठाया कि यदि अधिनियम की धारा 3(2) के अनुसार मुंबई में पात्र फेरीवालो की संख्या 3.75 लाख हो सकती है, तो केवल 32,415 हॉकरों को ही पात्र क्यों माना गया और शेष को अपात्र क्यों घोषित किया गया? उन्होंने यह भी बताया कि यूनियन के सर्वेक्षण अनुसार मुंबई में 4 लाख से अधिक फेरीवालो हैं। वहीं ठाणे में, ठाणे महानगरपालिका (टीएमसी) ने केवल 1398 हॉकरों को पात्र माना है, जबकि जनसंख्या के अनुसार यह संख्या 3 लाख तक हो सकती हैं

# पश्चिम रेलवे द्वारा 'छोटा भीम' के सहयोग से सुरक्षित यात्रा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए संरक्षा अभियान की शुरूआत


भारत संवाद न्यूज नेटवर्क





मुंबई, अपनी तरह की पहली पहल में पश्चिम रेलवे द्वारा बहुचर्चित कार्टून चरित्र छोटा भीम के सहयोग से एक नया संरक्षा जागरूकता अभियान शुरू किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य यात्रियों को ट्रैसपासिंग के खतरों और चलती ट्रेन में चढ़ने या उतरने के खतरों के बारे में जागरूक करना है। इस अभियान का शुभारंभ 18 जून, 2025 को मुंबई सेंट्रल और रतलाम मंडलों के अंतर्गत क्रमशः चर्चगेट और इंदौर स्टेशनों पर किया गया। इस अभियान को 15 दिनों की अवधि में अंधेरी, बोरीवली, उज्जैन और रतलाम स्टेशनों पर भी चलाया जाएगा।पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस अनूठे अभियान की संकल्पना युवा वर्ग और परिवारों पर विशेष ध्यान देते हुए यात्रियों तक अधिकतम पहुंच बनाने के उद्देश्य से की गई है। शुरूआत में, अभियान को मुंबई सेंट्रल और रतलाम मंडलों पर ट्रैसपासिंग और चलती ट्रेनों में न चढ़ने या न उतरने विषय पर केंद्रित करने की योजना बनाई गई है। अभियान को आकर्षक दृश्यों के साथ प्रभावशाली संरक्षा संदेशों को मिलाकर ह्यछोटा भीमह्न की लोकप्रियता का लाभ उठाते हुए डिजाइन किया गया है। इसका उद्देश्य महत्वपूर्ण संरक्षा संदेश को अधिक सरल और प्रभावी बनाना है। इसके बाद, इस अभियान को अन्य स्टेशनों और मंडलों तक भी विस्तारित किया जाएगा तथा रेलवे से संबंधित अन्य सामाजिक जागरूकता विषयों को भी बढ़ावा दिया जाएगा।श्री विनीत ने बताया कि व्यापक और बहुआयामी पहुंच सुनिश्चित करने के लिए पश्चिम रेलवे द्वारा डिजिटल और सोशल मीडिया, होर्डिंग्स और स्टेशन बैनर, रेडियो स्पॉट और एसएमएस जैसे कई प्लेटफॉर्मों पर अभियान चलाया जा रहा है। इस पहल के तहत चर्चगेट और इंदौर स्टेशनों पर प्रदर्शनी के कियोस्क स्थापित किए गए हैं और जल्द ही अगले 15 दिनों की अवधि में इनका अंधेरी, बोरीवली, उज्जैन और रतलाम स्टेशनों तक इसका विस्तार किया जाएगा। यह प्रदर्शनी अपने रचनात्मक पृष्ठभूमि दृश्यों और संरक्षा प्रश्नोत्तरी की मदद से सभी उम्र के यात्रियों को आकर्षित करती है।श्री विनीत ने आगे बताया कि जन जागरूकता और रेलवे संरक्षा को बढ़ावा देने की एक अनूठी पहल में पश्चिम रेलवे ने ह्यछोटा भीमह्न के साथ सहयोग किया है। इस रणनीतिक सहयोग के माध्यम से पश्चिम रेलवे का लक्ष्य ह्यछोटा भीमह्न किरदार की व्यापक अपील का लाभ उठाकर रेलवे संरक्षा और रेलवे परिसर में जिम्मेदार व्यवहार पर आवश्यक संदेशों को प्रभावी ढंग से विशेष रूप से युवा दर्शकों और परिवारों को लक्षित करते हुए संप्रेषित करना है। उल्लेखनीय रूप से ह्यछोटा भीमह्न की राष्ट्रव्यापी और वैश्विक लोकप्रियता का बच्चों पर अच्छा प्रभाव पड़ता है और इसमें सकारात्मक रूप से प्रभावित करने की क्षमता है। पश्चिम रेलवे की पहल इन परिचित पात्रों को जनहित अभियानों में एकीकृत करके पहुंच और जुड़ाव बढ़ाने की भावना के अनुरूप है।पश्चिम रेलवे संरक्षा में सुधार और जागरूकता बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहा है और इसमें वो सभी समुदायों को साथ लेकर चल रहा है। यह अभियान सभी के लिए एक सुरक्षित रेलवे व्यवस्था बनाने की दिशा में एक और कदम है।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क





के एम अग्रवाल कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित पदवीदान समारोह में संपूर्णानंद विश्वविद्यालय के पूर्व कुलगुरु अभिराज राजेन्द्र मिश्र, अग्रवाल कॉलेज के चेयरमैन डॉ विजय पंडित, महामंत्री ओमप्रकाश पांडेय, सहमंत्री डॉ सुजीत सिंह, प्राचार्य डॉ अनीता मन्ना, उपप्राचार्य अनघा राणे और अन्य मान्यवर...ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट विद्यार्थियों को पदवी प्रदान करते हुए...

# एम.जे.पंडित चैरिटेबल ट्रस्ट और संस्कृति संगम - गोल्डन ग्रुप संस्था द्वारा कल्याण पश्चिम के यशोदा हॉल में मुफ्त नोटबुक वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

## डॉ. विजय पंडित के नेतृत्व में हुआ आयोजन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क





कल्याण,एम.जे.पंडित चैरिटेबल ट्रस्ट और संस्कृति संगम - गोल्डन द्वारा आयोजित मुफ्त नोटबुक वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन कल्याण पश्चिम के यशोदा हॉल में किया गया। पिछले 40 वर्षों से लगातार यह कार्यक्रम समाजसेवी डॉ. विजय पंडित के मार्गदर्शन में किया जा रहा है जिसमें सैकड़ों जरूरतमंद छात्रों को निशुल्क नोटबुक वितरित की जाती है। इस पहल का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को शिक्षा के संसाधनों में मदद पहुँचाना है। कार्यक्रम के दौरान डॉ. विजय पंडित ने कहा, शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है और हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि किसी भी छात्र की पढ़ाई आर्थिक कारणों से प्रभावित न हो। कार्यक्रम में स्थानीय गणमान्य नागरिकों,शिक्षकों और अभिभावकों की भी उपस्थिति रही। इस अवसर पर विधायक विश्वनाथ नाथ भोईर, भू.पू.विधायक नरेंद्र पवार,शिक्षाविद डॉ पद्मिनी कृष्णा,शिवसेना के कल्याण अध्यक्ष रवि पाटिल आदि मान्यवरों की गरिमामई उपस्थिति में और जयनारायण मुन्ना पंडित की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का सूत्र संचालन डॉ विजय पंडित ने किया और आभार प्रदर्शन हृदय पंडित ने किया। सभी पालक,विद्यार्थियों और मान्यवरों के साथ सहभोजन के साथ कार्यक्रम का समापन हुवा।


पश्चिम रेलवे - राजकोट मंडल

विभिन्न इंजीनियरिंग कार्य

ई-निविदा सूचना संख्या 15 वर्ष 2025-26 दिनांक 17-06-2025

| सं | निविदा सं. | कार्य का नाम | अनुमानित एनआईटी लागत (रुपये में) | बयाना राशि (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | DRM-RJT-2025-26-E-44 | राजकोट डिवीजनः- पदधारी-ओखा के बीच किमी 930/2-3, 945/9-10, 960/5-6 पर अतिरिक्त उद्घाटन प्रदान करना तथा 947/4-5 और 979/8-9 पर गैबियन दीवार प्रदान करना | 9,54,20,395.62 | 6,27,100.00 |
| 2 | DRM-RJT-2025-26-E-45 | राजकोट डिवीजनः- राजकोटः गुड्स शेड में बुनियादी ढांचे का उन्नयन | 24,46,56,956.02 | 13,73,300.00 |

उपरोक्त सभी निविदाओं के लिए निविदा खुलने की तिथि एवं समयः 11 /07/2025 @ 15:00 बजे कार्यालय का पताः मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.), पश्चिम रेलवे, कोठी कंपाउंड, राजकोट, गुजरात - 360 001 वेबसाइटः www.ireps.gov.in

054

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly


# साइबर ठगी में नोएडा से एक आरोपी गिरफ्तार

टेलीकॉम कर्मचारी बनकर महिला को डिजिटल अरेस्ट की धमकी दे 14 लाख रुपए ठगे

गौतम बुद्ध नगर, साइबर क्राइम पुलिस ने एक बड़े साइबर फ्रॉड का खुलासा किया है। पुलिस ने एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसने खुद को टेलिकॉम विभाग का कर्मचारी बताकर एक महिला से 14 लाख 5 हजार 300 रुपए की ठगी की। आरोपी संदीप ने महिला को अवैध विज्ञापन और उत्पीड़न का आरोपी बताया। उसने फर्जी दस्तावेज भेजकर डिजिटल अरेस्ट की धमकी दी।


मध्य रेल

सोलापुर मण्डल

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इजीनियर (क.वि), मध्य रेल, सोलापुर, निम्नलिखित कार्य के लिए ख्याति प्राप्त, अनुभवी और लाईसेंसधारी विद्युत ठेकेदारों में रेल्वे की ई–प्रोक्यूरमेंट वेबसाइट www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन ई निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा क्रं. सोला/क.वि./नि/2025/15 कार्य का नामः** विद्युत टीआरडी भाग का कार्य के संबंध में सोलापुर मंडल में लातूर–मिरज सेक्शन पर जत रोड, शेंद्री, पांगरी और ढोकी में ट्रैक मशीन साइडिंग के प्रावधान के संबंध में कार्य । **कार्य की अनुमानित लागतः** रु. 31,71,980.76/– **बयाना राशिः** रु. 63,400/– **कार्य पुरा करने की अवधिः** 12 माह। **निविदा प्रस्ताव की वैधताः** 60 दिन। **वेबसाइट पर निविदा बंद होने की तिथि और समयः** दि. 10/07/2025 को 15.00 बजे।

ANJ-52

अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे


# भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन द्वारा सोलापुर और मडगांव से अष्ट ज्योतिर्लिंग श्रावण विशेष यात्रा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क





भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम लिमिटेड (आईआरसीटीसी) भारत सरकार के रेल मंत्रालय के तहत एक 'नवरत्न' सूचीबद्ध कंपनी है। यह ऑनलाइन रेलवे टिकट बुकिंग, खानपान, पर्यटन, रेल नीर और आतिथ्य सेवाओं सहित सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। आईआरसीटीसी का उद्देश्य भारत भर में यात्रा को हर यात्री के लिए अधिक सुविधाजनक, सुखद और किफायती बनाना है।

आईआरसीटीसी का पश्चिम क्षेत्र मुंबई कार्यालय दिनांक 19.07.2025 को सोलापुर से और दिनांक 05.08.2025 को मडगांव से भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन द्वारा अष्ट ज्योतिर्लिंग श्रावण विशेष यात्रा शुरू करने की घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है। भारत गौरव टूर पैकेज यात्रियों को इस श्रावण में एक परेशानी मुक्त और यादगार छुट्टी का अनुभव प्रदान करेगा।

श्री गौरव झा, समूह महाप्रबंधक, पश्चिम क्षेत्र, ने कहा कि यह पैकेज परिवारों, समूहों और अकेले यात्रियों को ज्योतिर्लिंग के सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों की यात्रा का एक सहज और किफायती तरीका है, साथ ही पर्यटक ट्रेन यात्रा से आराम और सुविधा का आनंद भी उठाते हैं। सोलापुर से टूर दिनांक 19.07.2025 को, पैकेज मूल्य प्रति व्यक्ति लगभग 22760/- रुपये और मडगांव से टूर दिनांक 05.08.2025 को, प्रति व्यक्ति लगभग 23880/- रुपये से शुरू होता है।

श्री गौरव झा, ग्रुप जनरल मैनेजर, पश्चिमी क्षेत्र ने यह भी कहा है कि हमारा लक्ष्य यात्रा को और अधिक सुलभ और आनंददायक बनाना है, यह सुनिश्चित करते हुए कि हर यात्रा यादगार हो। ये पैकेज सुविधा, आराम और सामर्थ्य प्रदान करने के लिए तैयार किए गए हैं, जिससे लोगों को श्रावण के दौरान भारत के सर्वश्रेष्ठ स्थानों को देखने का मौका मिले। जैसे ही पैकेज www.irctctourism.com पर ऑनलाइन बिक्री के लिए उपलब्ध होते हैं। इन पैकेजों के लिए बाजार में बहुत रुचि रही है और नियमित ग्राहक इन पैकेजों पर नजर लगाए बैठे हैं।

भारत गौरव ट्रेनों में स्लीपर (नॉन-एसी), एसी ककक टियर और एसी कक टियर कोचों की मिश्रित संरचना है। इन ट्रेनों के बाहरी हिस्से में लोकप्रिय भारतीय स्मारक, मूर्तियां, स्थलचिह्न और नृत्य रूप आदि प्रदर्शित हैं, जिनकी कुल क्षमता लगभग 600-700 सीटों की है और इनमें इन्फोटेनमेंट सिस्टम और सीसीटीवी कैमरे लगे हैं और ट्रेन में ताजा भोजन तैयार करने के लिए एक अच्छी तरह से सुसज्जित पेंट्री कार है। आईआरसीटीसी ने इस सर्व-समावेशी पैकेज को बहुत अच्छी तरह से डिजाइन किया है, पैकेज किफायती हैं जिसमें बसों द्वारा ऑफ-बोर्ड यात्रा और भ्रमण, होटलों में ठहरने, टूर गाइड, भोजन, यात्रा बीमा आदि जैसी सेवाएँ आरामदायक ट्रेन यात्रा और संबद्ध ऑनबोर्ड सेवाओं के साथ प्रदान की जाती हैं। ग्राहक उपलब्ध पैकेजों, मूल्य निर्धारण और बुकिंग प्रक्रियाओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए आधिकारिक आईआरसीटीसी वेबसाइट www.irctctourism.com पर जा सकते हैं या पश्चिम क्षेत्र मुंबई कार्यालय 8287931886 (व्हाट्सएप या एसएमएस) से संपर्क कर सकते हैं।

# मुंबई बम धमकों के दोषी और दाऊद इब्राहिम के साथी सलीम कुत्ता से रिलेशन को लेकर फंसे थे, सुधाकर बडगुजर बीजेपी में

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई : महाराष्ट्र की राजनीति में एक नया मोड़ आया है। बीजेपीने मंगलवार को शिवसेना के नासिक इकाई के पूर्व प्रमुख सुधाकर बडगुजर को पार्टी में शामिल कर लिया। कुछ समय पहले बीजेपी ने बडगुजर पर 1993 के बम धमाकों के दोषी सलीम कुत्ता के साथ पार्टी करने का आरोप लगाया था। सलीम कुत्ता दाऊद गैंग का सदस्य है।2023 में इखढ ने आरोप लगाया था कि बडगुजर के अंडरवर्ल्ड से संबंध हैं। उस समय देवेंद्र फडणवीस उपमुख्यमंत्री थे। उन्होंने बडगुजर के कथित गैंग्लैंड कनेक्शन की जांच कराने की घोषणा की थी। यह जानकारी क्लारा लुईस ने दी है।दो हफ्ते पहले फडणवीस से हुई थी मुलाकात बीजेपीके नितेश राणे ने विधानसभा में बडगुजर और सलीम कुत्ता की तस्वीरें दिखाई थीं। उन्होंने बडगुजर को गिरफ्तार करने की मांग की थी। शिवसेना के दादा भुसे ने भी यह मुद्दा उठाया था। कुछ हफ्ते पहले, शिवसेना ने बडगुजर को पार्टी से निकाल दिया था। खबर थी कि वे बीजेपी में शामिल हो सकते हैं। दो हफ्ते पहले बडगुजर ने फडणवीस से मुलाकात की थी।चंद्रकांत बावनकुले ने किया स्वागतदिलचस्प बात यह है कि बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने पहले कहा था कि उन्हें बडगुजर के बीजेपी में शामिल होने की जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा था, 'मुझे नहीं पता'। लेकिन जब बडगुजर अपने समर्थकों के साथ दोपहर करीब 3.30 बजे मुंबई में बीजेपी के प्रदेश मुख्यालय पहुंचे


मध्य रेल

सोलापुर मण्डल

ई–निविदा सूचना (Re-Invitation)

निविदा सूचना संख्या सोला–एन–टी–2025–26–10 दिनांकः 16.06.2025 भारत के राष्ट्रपति की ओर से डीआरएम (एस एंड टी) कार्यालय, मध्य रेलवे, सोलापुर निम्नलिखित कार्यों के लिए सक्षम, प्रतिष्ठित फर्मों। ठेकेदारों से रेलवे की ई–प्रोक्योरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन ई–निविदाएं आमंत्रित करता हैः **इलाके के साथ काम का नामः** मध्य रेलवे के सोलापुर डिवीजन में इंटरलॉक्ड एलसी गेट्स पर एस एंड टी उपकरणों के पुनर्वास के संबंध में सिग्नलिंग कार्य करना। **निविदा संख्याः** SUR-N-T-2025-26-10 **कार्य की अनुमानित लागतः** Rs. 2,22,29,955.58 **टेंडर फॉर्म की कीमतः** NIL **जमा की जाने वाली धरोहर राशिः** Rs. 2,61,200 **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 12 महीने **Date & Time of Closing of tender on www.ireps.gov.in : 09/07/2025 after 15.30 Hrs.** विवरण ireps वेबसाइट में उपलब्ध हैं। शुद्धिपत्र/संशोधन यदि कोई हो तो केवल उपरोक्त ई–प्रोक्योरमेंट वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। केवल ऑनलाइन निविदाएं ही स्वीकार की जाएंगी। मैनुअल/ डाक/ई–मेल, फैक्स, हस्त निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी। बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे कंपनी के नाम के साथ तृतीय श्रेणी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र प्राप्त करें और इसे **www.ireps.gov.in** पर पंजीकृत करें। बयाना राशि का भुगतान (ईएमडी) केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से ही स्वीकार किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए कृपया **www.ireps.gov.in** पर देखें।

ANJ-53

अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे



मध्य रेल

विभिन्न कार्य

भारत के राष्ट्रपति और केंद्रीय रेलवे, मुंबई सीएसटी 400 001 की ओर से प्रतिष्ठित ठेकेदारों से खुली निविदाओं के लिए आमंत्रित किया गया है, जिसके लिए मंडल रेल प्रबंधक (एस एंड टी), प्रथम तल, पार्सल कार्यालय भवन। **अ.क्र. 1. कार्य का नामः** मुंबई डिवीजन के कल्याण मनमाड खंड पर हाइड्रोलिक ब्रिज पर कलमगांव में रेलवे किलोमीटर 98/2 पर अटगांव और थानसिट के बीच दो लेन आरयूबी के निर्माण के संबंध में सिग्नलिंग कार्य। **निविदा सूचना नं. सीआर/बीबी/सं.एवंदु.सं/.उत्तर 2025/08 लगभग मूल्यः** रु. 39.79/– लाख **खुलने की तारीखः** 16.07.2025 **ईएमडीः** रु. 79600/– **वैधताः** 60 दिन **समापन अवधीः** 06 महीने **अ.क्र. 2. कार्य का नामः** मुंबई मंडल के उत्तर खंड में विभिन्न स्थानों पर सीटीआर/टीटीआर कार्यों के संबंध में सिग्नलिंग कार्य। **निविदा सूचना नं. सीआर/बीबी/सं.एवंदु.सं/.उत्तर 2025/25 लगभग मूल्यः** रु. 84.31/– लाख **खुलने की तारीखः** 14.07.2025 **ईएमडीः** रु. 168700/– **वैधताः** 60 दिन **समापन अवधीः** 12 महीने यह निविदा 15/06/2017 दिनांकित सार्वजनिक खरीद नीति (भारत में बनाओ) आदेश 2017 का अनुपालन करती है निविदाओं का पूरा ब्यौरा मध्य रेलवे में उपलब्ध है। आधिकारिक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पूरी निविदा दस्तावेजों को वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदाओं का पूरा विवरण मंडल रेल प्रबंधक (एस एंड टी) के कार्यालय, मुंबई सीएसटी के "नोटिस बोर्ड" में भी उपलब्ध है।

182

अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे

## डेंगू, मलेरिया व मच्छरों का प्रजनन रोकने के लिए मनपा प्रभावी कदम उठाए : संजय केलकर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , शहर में कई स्थानों पर अधिकृत और अनधिकृत निर्माण चल रहे हैं और डेवलपर्स द्वारा स्वास्थ्य नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। परिणामस्वरूप, शहर में मच्छरों की संख्या बढ़ रही है और मलेरिया और डेंगू के रोगियों की संख्या भी बढ़ रही है। विधायक संजय केलकर ने मांग की है कि मच्छरों के प्रजनन वाले इन निमार्णों को तुरंत रोका जाए। ठाणे मनपा क्षेत्र में बड़ी संख्या में अधिकृत और अनधिकृत निर्माण चल रहे हैं। डेवलपर्स और ठेकेदार निर्माण सामग्री, कचरा, पानी की टंकियां आदि चीजों को अव्यवस्थित तरीके से रखते हैं। कई जगहों पर कचरे के ढेर लगे हुए हैं, जिससे क्षेत्र में दुर्गंध फैलती है, बड़ी संख्या में मच्छर पैदा हो रहे हैं। स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा हो रही हैं। विधायक संजय केलकर ने मनपा आयुक्त सौरभ राव को एक पत्र लिखकर ध्यान दिलाया है कि स्कूल खुलने के कारण ऐसे क्षेत्रों में स्थित स्कूलों में छात्रों में मलेरिया और डेंगू संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं। हमें इस मामले पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए और प्रभगवार भौतिक निरीक्षण करना चाहिए। नियमों का उल्लंघन करने वालों के निर्माण कार्य को तुरंत रोकना चाहिए और सड़क के किनारे अनधिकृत व्यवसाय करने वालों को भी सख्त निर्देश देना चाहिए ऐसे मांग विधायक केलकर ने मांग की है। जनवरी से 18 जून 2025 तक ठाणे के जिला सरकारी अस्पताल में 299 मलेरिया रोगियों का इलाज किया गया, जबकि इसी अवधि के दौरान 164 डेंगू रोगियों का इलाज किया गया। वास्तव में, निजी अस्पतालों में इलाज कराने वाले मलेरिया और डेंगू रोगियों की संख्या बहुत अधिक है। हाल ही में एक स्कूल में 45 डेंगू रोगी पाए जाने की घटना सामने आई है। यह स्पष्ट रूप से मलेरिया और डेंगू रोगियों और मच्छरों के प्रजनन की खतरनाक स्थिति को दशार्ता है। यह जानकारी विधायक संजय केलकर ने दी है।

# नवी मुंबई मनपा क्षेत्र में 501 खतरनाक इमारतों की सूची घोषित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

नवी मुंबई ( युनिस खान ) मनपा क्षेत्र में खतरनाक इमारतों का वर्ष 2025-2026 के लिए विभागवार सर्वेक्षण किया गया है और सर्वेक्षण के बाद, महाराष्ट्र महानगरपालिका अधिनियम की धारा 264 के तहत महानगरपालिका क्षेत्र में कुल 501 इमारतों को खतरनाक इमारतें घोषित किया गया है।

इसमें 51 इमारतों को सी-1 के रूप में वगीर्कृत किया गया है जो अत्यधिक खतरनाक, रहने योग्य नहीं है और जिन्हें तत्काल खाली करने की आवश्यकता है।104 इमारतों को सी-2ए के रूप में वगीर्कृत किया गया है, जिसमें इमारत खाली करने और संरचनात्मक मरम्मत की आवश्यकता है। 297 इमारतों को सी-2बी के रूप में वगीर्कृत किया गया है, जिसमें इमारत खाली किए बिना संरचनात्मक मरम्मत की आवश्यकता है। इसी तरह 49 इमारतों को सी-3 के रूप में वगीर्कृत किया गया है, जिसमें मामूली मरम्मत की आवश्यकता है, इस प्रकार कुल 501 खतरनाक इमारतें हैं।

यह सूची नवी मुंबई मनपा की वेबसाइट www. nmmc. gov.in पर सामान्य जानकारी के अंतर्गत विभाग अनुभाग में अतिक्रमण विभाग सूचना के अंतर्गत आसानी से देखने के लिए उपलब्ध कराई गई है। इस सूची में सी-1 श्रेणी में उल्लेखित 51 इमारतों के नाम और विवरण, जो अत्यंत खतरनाक, निर्जन हैं और जिन्हें तत्काल खाली करने की आवश्यकता है। नागरिकों की सुविधा के लिए मोटे ( बोल्ड ) अक्षरों में प्रकाशित किए गए हैं। महाराष्ट्र महानगरपालिका अधिनियम की धारा 264 के प्रावधानों के अनुसार एक नोटिस प्रकाशित किया गया है। तदनुसार, घोषित इमारतों में रहने वाले मालिकों/कब्जाधारियों को इस तथ्य के बारे में लिखित निर्देश, नोटिस दिए गए हैं कि जिस इमारत में वे रह रहे हैं वह आवासीय, व्यावसायिक उपयोग के लिए खतरनाक है और इन इमारतों में आवासीय, व्यावसायिक उपयोग को तुरंत बंद करने और महाराष्ट्र सरकार, शहरी विकास विभाग द्वारा जारी सरकारी परिपत्र दिनांक 05 नवंबर 2015 के अनुसार बिना देरी के खतरनाक इमारतों के निर्माण को ध्वस्त करने के संबंध में यह भी स्पष्ट रूप से कहा गया है कि सी-1 श्रेणी की इमारत का बिजली और पानी का कनेक्शन काट दिया जाएगा।

खतरनाक घोषित की गई ऐसी इमारतों के मालिकों या रहने वालों को सलाह दी जाती है कि वे इमारत के ढहने से जान-माल की हानि की संभावना को देखते हुए इमारत संरचना का आवासीय, व्यावसायिक उपयोग तुरंत बंद कर दें और बिना देरी किए इमारत, संरचना को गिरा दें। ऐसी कार्रवाई न करने की स्थिति में, इमारत, संरचना के ढहने से हुई क्षति के लिए संबंधित व्यक्ति पूरी तरह से जिम्मेदार होंगे और नवी मुंबई मनपा इसके लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

फास्ट ट्रैक

## शराब की दुकान और होटल मालिक में विवाद

### एक पक्ष ने होटल के बाहर फायरिंग की, दूसरे ने बिना पैसे शराब ली; पुलिस ने शुरू की जांच

शाहजहांपुर, तिलहर थाना क्षेत्र में शराब की दुकान और होटल मालिक के बीच विवाद का मामला सामने आया है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराई है। भाजपा नेता दिवाकर सिंह, जो होटल के मालिक हैं, ने आरोप लगाया है कि 15 जून को कुछ दबंगों ने उनके होटल के बाहर गाली-गलौज की। आरोपियों ने न केवल



हथियारों से फायरिंग की, बल्कि होटल में घुसकर सीसीटीवी कैमरे भी बंद कर दिए। इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। दूसरी तरफ, गोपालपुर नगरिया स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान के सेल्समैन सर्वेश यादव का कहना है कि 15 जून की रात कुछ लोग दुकान पर आए और शराब खरीदने के बाद भुगतान करने से मना कर दिया। विरोध करने पर होटल मालिक ने फोन पर धमकी दी। बाद में कार में सवार होकर आए लोगों ने दुकान पर हंगामा किया और जान से मारने की धमकी दी। यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली है। एसपी ग्रामीण के अनुसार, दोनों पक्षों की शिकायतों की जांच की जा रही है।

## युवक की संदिग्ध मौत

### प्राइवेट कंपनी कर्मचारियों पर हत्या का आरोप, परिजनों को 6 घंटे तक पोस्टमार्टम के लिए भटकना पड़ा

शाहजहांपुर, बरेली मोड़ पर फिरोजाबाद निवासी 38 वर्षीय प्रमोद कुमार का शव मिला। प्रमोद प्राइवेट कंपनी में पिछले चार महीने से कार्यरत थे। परिजनों ने कंपनी कर्मचारियों पर हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाया है। मृतक के बहनोई के अनुसार, प्रमोद ने चार दिन पहले परिवार को फोन कर परेशानी बताई थी। उन्होंने कहा था कि उन्हें छुट्टी नहीं दी जा रही है। परिजनों का कहना है कि कर्मचारियों ने



मारपीट कर हत्या की और शव को बरेली मोड़ पर फेंक दिया। उन्होंने इसे दुर्घटना का रूप देने का प्रयास किया। पुलिस ने मृतक के बैग में मिले कागजातों से पहचान कर परिवार को सूचित किया। मंगलवार दोपहर तीन बजे परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। पोस्टमार्टम के लिए पंचनामा तो भर दिया गया लेकिन पोस्टमार्टम नही हो सका। पोस्टमार्टम कराने के लिए परिवार को पुलिस चौकी से कोतवाली और डीएम कार्यालय से लेकर डीएम आवास तक तक के चक्कर लगाने पड़े। भूखे-प्यासे परिजन रात आठ बजे डीएम आवास के बाहर धरने पर बैठ गए। एक घंटे बाद सदर पुलिस ने परिवार को समझा-बुझाकर थाने ले गई। रात 11 बजे प्रशासन ने मामले का संज्ञान लिया और सीएमओ को तत्काल पोस्टमार्टम कराने के निर्देश दिए। मृतक फिरोजाबाद जिले के थाना खैरगढ़ क्षेत्र के गांव फतेहपुर नारायण सिंह का निवासी था।

## बनाओ, चलाओ और हस्तांतरित करो विरार-अलीबाग बहुउद्देशीय परिवहन मार्ग का निर्माण



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क


ठाणे , कैबिनेट बैठक में विरार-अलीबाग बहुउद्देशीय परिवहन गलियारा परियोजना के पहले चरण के निर्माण को ₹बनाओ, चलाओ और हस्तांतरित करो₹ सिद्धांत पर मंजूरी दी गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने की। विरार से अलीबाग बहुउद्देशीय गलियारा परियोजना की कुल 126.06 किलोमीटर लंबाई में से पालघर जिले के नवघर और पेन तालुका के बलावली के बीच 96.410 किलोमीटर लंबाई के पहले चरण को निगम द्वारा निर्माण, चलाओ और हस्तांतरित करो सिद्धांत पर शुरू करने की मंजूरी दी गई है। यह गलियारा जेएनपीटी को प्रस्तावित नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक से जोड़ेगा। इसके साथ ही यह मार्ग मुंबई अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 48, मुंबई आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 848, कल्याण-मुरबाड -निर्मल राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 61, तलोजा बाईपास मुंबई वडोदरा एक्सप्रेसवे, मुंबई पुणे एक्सप्रेसवे, मुंबई बैंगलोर राष्ट्रीय राजमार्ग, पनवेल उरण राष्ट्रीय राजमार्ग और मुंबई गोवा राष्ट्रीय राजमार्ग को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण मार्ग है। यह मार्ग वसई, भिवंडी, कल्याण, अंबरनाथ, पनवेल, उरण, पेण और अलीबाग तालुका से प्रस्तावित है। इस मार्ग के पहले चरण का काम बनाओ, चलाओ और हस्तांतरित करो सिद्धांत पर शुरू करने की मंजूरी दी गई। इस कॉरिडोर के काम के लिए भूमि अधिग्रहण के तत्काल कार्यान्वयन के लिए मंजूरी दी गई और भूमि अधिग्रहण के लिए 22,250 करोड़ रुपये और इस पर ब्याज के लिए 14,763 करोड़ रुपये, कुल 37,013 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

## हाईवे पर जाम हटाने गए दरोगा पर हमला

### ढाबा संचालक समेत 7 लोगों ने की मारपीट, मामला दर्ज

रायबरेली, लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर बछरावां थाना क्षेत्र में एक दरोगा से मारपीट का मामला सामने आया है। चुरुवा चौकी जा रहे उपनिरीक्षक जितेश सिंह ने नीमटीकर गांव के पास एक ट्रक को खड़ा देखा। ट्रक की वजह से लगे जाम को हटाने की कोशिश के दौरान स्थानीय ढाबा संचालक और उसके साथियों से विवाद हो गया। आरोप है कि ढाबा संचालक रोहित और उसके साथियों ने पहले दरोगा से अभद्र व्यवहार किया। फिर उनका गला दबाया और उन्हें सड़क पर गिराकर पेट व सीने पर लात-घूंसों से मारा। आरोपियों ने दरोगा की वर्दी उतारने की धमकी भी दी। किसी तरह जान बचाकर दरोगा ने थाने पहुंचकर घटना की सूचना दी। उपनिरीक्षक की शिकायत पर रोहित कुमार, मोहित कुमार, बाबुल उर्फ अनुज, नवनीत, गोलू और आकाश समेत 7 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी जीवन जोशी ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई है।

## पद्माकर लहाने की ठाणे जिप निर्माण विभाग में कार्यकारी अभियंता नियुक्ति



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे ( युनिस खान ) महाराष्ट्र सरकार के लोक निर्माण विभाग के सामान्य स्थानांतरण आदेश के अनुसार, पद्माकर लहाने को जिला परिषद, ठाणे के निर्माण विभाग में कार्यकारी अभियंता के पद पर स्थानांतरित किया गया है। आज, 18 जून, 2025 को, लहाने ने नियमित रूप से जिला परिषद, ठाणे के निर्माण विभाग का कार्यभार संभाला है। इससे पहले, वे मंत्रालय, मुंबई में लोक निर्माण विभाग में अवर सचिव के रूप में कार्यरत थे। ऐसा माना जाता है कि उनके स्थानांतरण से ठाणे जिले में विकासात्मक निर्माण योजनाओं में और अधिक गति और दक्षता आएगी।

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे ने लहाने का स्वागत करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## पुलिस-भर्ती की तैयारी कर रहे युवक की हादसे में मौत

- शाहजहांपुर में सुबह की दौड़ के दौरान हादसा, दो दोस्त घायल; पिकअप चालक फरार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, एक दर्दनाक सड़क हादसे में पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे एक युवक की मौत हो गई। सीतापुर-लखनऊ मार्ग पर जमुका के पास मुर्गी के बच्चों से भरी तेज रफ्तार पिकअप ने तीन दोस्तों को टक्कर मार दी। हादसे में 23 वर्षीय अजय वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई। उनके दोस्त कुलदीप और अंकित गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों युवक रोज की तरह सुबह करीब 5 बजे दौड़ लगाते हुए जिम जा रहे थे। थाना रोजा क्षेत्र के चक भिटारा निवासी अजय वर्मा एक बाइक एजेंसी में काम करते थे। वह पुलिस में नौकरी पाने के लिए नियमित रूप से दौड़ का अभ्यास और जिम किया करते थे। टक्कर के बाद पिकअप हाइवे पर पलट गई और चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने अजय को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी राजीव कुमार के अनुसार, हाइवे से पिकअप को हटा दिया गया है और फरार चालक की तलाश जारी है। अजय के पिता रमाकांत के अनुसार, उनका बेटा पुलिस में नौकरी पाने का सपना देख रहा था। उसकी अचानक मौत से परिवार में शोक की लहर है।

## पति से लड़ाई के बाद पत्नी ने पिया कीटनाशक दवा

### जलालाबाद में अस्पताल ले जाते समय तोड़ा दम, पुलिस बोली-हर दिशा में जांच होगी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



जलालाबाद, थाना क्षेत्र के ग्राम भूढ़िया भूड़ में 25 वर्षीय अनुपम पाल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका अनुपम पाल की शादी मंगेश पाल के साथ पांच वर्ष पहले हुई थी। जानकारी के अनुसार, बीती रात पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ। इसके बाद महिला ने फसल में डालने वाला कीटनाशक पी लिया। परिजन उसे अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृतका के मायके पक्ष का आरोप है कि उनका दामाद शराब पीकर रोज घर में झगड़ा करता था। पड़ोसियों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से दंपती का व्यवहार बदला हुआ था। मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। थाना प्रभारी राजीव कुमार तोमर ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

## दहेज के बाद भी विवाहिता को घर से निकाला

### कलान में पति और ससुराल वालों पर अत्याचार करने का आरोप, देवर की शिकायत की

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




शाहजहांपुर, एत्मादपुर चक की रहने वाली एक महिला ने अपने पति और ससुराल वालों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता अंजलि ने बताया कि उसकी शादी करीब 9 साल पहले कन्नौज के गुरसहायगंज थाना क्षेत्र के दियूली गांव निवासी विनय कुमार से हुई थी। शादी में उसके पिता लालाराम जाटव ने अपनी हैसियत के मुताबिक दहेज भी दिया था। अब उसके चार बच्चे भी हैं। महिला का आरोप है कि 1 जून को उसके पति विनय कुमार, देवर अखिलेश, ससुर नरोत्तम और सास गंगा रानी ने उसे मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता ने एक गंभीर आरोप यह भी लगाया है कि उसका देवर अखिलेश, जो अभी अविवाहित है, उसके प्रति गलत नीयत रखता है। इस बारे में उसने अपने ससुर से शिकायत की, लेकिन उन्होंने कोई ध्यान नहीं दिया। उसका पति भी देवर का साथ देता है। पीड़िता ने कलान थाने में शिकायत दर्ज कराई है और न्याय की गुहार लगाई है।

## सांप के डसने से युवक की मौत

### ईंट-भट्ठे पर मजदूरी करता था, जिंदा कराने की आस में घर वाले कराते रहे झाड़फूंक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, थाना खुटार क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। इटौटा गांव के 38 वर्षीय मनोज की सांप के काटने से मौत हो गई। मनोज ईंट भट्टे पर मजदूरी करके अपनी पत्नी राजेश्वरी और पांच बच्चों का पालन-पोषण करते थे। भट्टे पर काम करते समय मनोज को सांप ने काट लिया। बच्चों ने यह देखा और घर आकर बताया। इसके बाद मनोज की हालत बिगड़ने लगी। परिजन उन्हें तुरंत खुटार सीएचसी ले गए। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पैसों की व्यवस्था में लगे रहे घर वाले परिजनों को मनोज के जीवित होने की आस थी। वे उन्हें सुनासिर ले गए,



लेकिन वहां भी मना कर दिया गया। मंगलवार को उन्हें खाड़ेपुर स्थित एक झाड़फूंक करने वाले के पास ले गए। वहां से भी निराशा हाथ लगी। कुछ पैसों की व्यवस्था कर मैलानी रोड पर एक बाबा के पास भी गए, लेकिन वहां भी कोई समाधान नहीं मिला। घर का अकेला कमाने वाला था अंत में परिजन मनोज का शव घर ले आए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य की मौत से अब परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

## यूपी में बिजली कटौती के खिलाफ आप का विरोध

### शाहजहांपुर में कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, आम आदमी पार्टी ने बिजली कटौती के विरोध में कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। पार्टी के जिलाध्यक्ष राजीव कुमार यादव ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। आप नेताओं का कहना है कि प्रदेश के कई जिलों में 10 से 12 घंटे तक बिजली कटौती हो रही है। इससे आम जनता और किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।




घरों में पानी की सप्लाई बाधित है। किसान फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। इससे फसलें खराब हो रही हैं। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि सरकार समस्या का समाधान करने की बजाय बिजली की दरें बढ़ा रही है। जल्द समाधान कराने की मांग पार्टी नेताओं ने घरों में मीटर लगाने का ठेका प्राइवेट कंपनी को देने पर भी आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि कंपनी के कर्मचारी मनमानी कर रहे हैं। उन्होंने सरकार पर जनता को अमृतकाल की बजाय लालटेन काल में ले जाने का आरोप लगाया है। प्रदर्शनकारियों ने इन समस्याओं का जल्द समाधान कराने की मांग की है।

## मानसिक रूप से बीमार युवक ने अस्पताल में मचाया उत्पात

- पुलिस ने रस्सी से बांधकर काबू किया, परिजनों को बुलाया; अंबाला से आजमगढ़ जा रहा था

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, एक मानसिक रूप से बीमार युवक को पुलिस ने रस्सी से बांधकर काबू में किया। युवक की पहचान आजमगढ़ निवासी जय प्रकाश के रूप में हुई है। घटना सदर बाजार थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन की है। युवक वहां हंगामा कर रहा था। इससे सड़क पर जाम लग गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने युवक को एंबुलेंस से राजकीय मेडिकल कॉलेज के ट्रामा सेंटर भेजा। ट्रामा सेंटर में युवक ने हंगामा किया और कई लोगों से मारपीट की। वह वहां से भाग गया। पुलिस ने उसे फिर पकड़कर अस्पताल लाया। युवक ने दोबारा हंगामा किया और जमीन पर लेट गया। पुलिस को उसे काबू में करने के लिए रस्सी से बांधना पड़ा। युवक का भाई शिवम यादव अंबाला में काम करता है। जय प्रकाश भी उसके साथ रहता था। शिवम ने बताया कि जय प्रकाश मंगलवार को अंबाला से घर जाने निकला था। उन्हें नहीं पता कि वह शाहजहांपुर कैसे पहुंच गया।




### भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त )
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# जंग में उतरा खामनेई का बेटा! इजरायल में भयंकर तबाही

## सबसे बड़े तेल अड्डा हाइफा को किया ध्वस्त

एजेंसी

ईरान भले ही ये कह रहा हो कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण मकसद के लिए है। लेकिन दुनिया यही मान रही थी, खासकर इजरायल और अमेरिका ये मान रही थी कि ईरान परमाणु बम बनाने के काफी करीब पहुंच चुका था। इजरायल ने अपने ताबड़तोड़ स्ट्राइक से यूरेनियम इनरिचमेंट प्लांट को तबाह कर दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि अमेरिका जानता है कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई कहां छिपे हैं। ट्रंप ने कहा कि वह आसान टारगेट है। लेकिन वे उन्हें मारने नहीं जा रहे हैं। ट्रंप की चेतावनी के बाद, खामेनेई ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर जाकर युद्ध की घोषणा करते हुए कहा कि युद्ध शुरू हो गया है। लड़ाई वास्तव में शुरू हो गई है, लेकिन इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि 86 वर्षीय ईरानी नेता अब पहले से कहीं अधिक अलग-थलग पड़ गए हैं। उनके कई शीर्ष सैन्य और सुरक्षा सलाहकार इजरायली हवाई हमलों में



मारे गए हैं, जिससे उनकी टीम में बड़ी कमी आ गई है। मामले से परिचित पांच लोगों के हवाले से रॉयटर्स की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि इससे उनकी

> लड़ाई वास्तव में शुरू हो गई है, लेकिन इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि 86 वर्षीय ईरानी नेता अब पहले से कहीं अधिक अलग-थलग पड़ गए हैं। उनके कई शीर्ष सैन्य और सुरक्षा सलाहकार इजरायली हवाई हमलों में मारे गए हैं, जिससे उनकी टीम में बड़ी कमी आ गई है। मामले से परिचित पांच लोगों के हवाले से रॉयटर्स की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि इससे उनकी निर्णय लेने की प्रक्रिया प्रभावित होने की संभावना बढ़ गई है।

निर्णय लेने की प्रक्रिया प्रभावित होने की संभावना बढ़ गई है। इजरायल द्वारा किए गए हमले के बाद से ईरान के कई शीर्ष सैन्य कमांडर मारे गए हैं, जिनमें अयातुल्ला खामेनेई के कुछ सबसे करीबी सलाहकार भी शामिल हैं, जो उनकी विशिष्ट सेना रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के हैं। मारे गए लोग खामेनेई के लगभग 15 से 20 सलाहकारों के भरोसेमंद समूह का हिस्सा थे। इस समूह में गार्ड कमांडर, धार्मिक नेता और राजनेता शामिल हैं। ईरानी नेता खामेनेई को देश के अंदर और बाहर दोनों जगह कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि ईरानी सुरक्षा बल आमतौर पर विरोध प्रदर्शनों को नियंत्रित करने और व्यवस्था बनाए रखने में कामयाब रहे हैं, पश्चिमी प्रतिबंधों के वर्षों ने अर्थव्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित किया है। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि विशेषज्ञों का मानना है कि यह आर्थिक दर्द अंततः देश के भीतर अशांति का कारण बन सकता है। इसके अलावा, खामेनेई इजरायल के साथ बढ़ते संघर्ष से भी जूझ रहे हैं। हालांकि, तनाव के बीच, एक व्यक्ति जो विशेष रूप से महत्वपूर्ण हो गया है, वह है अयातुल्ला का बेटा, मोजतबा खामेनेई। पिछले 20 वर्षों में, मोजतबा ने अपने पिता की व्यवस्था में एक बड़ी भूमिका निभाई है। वह विभिन्न राजनीतिक समूहों, धार्मिक हस्तियों और सैन्य नेताओं के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करता है। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार के भीतर कुछ लोग मोजतबा को अपने पिता के संभावित उत्तराधिकारी के रूप में भी देखते हैं। मोजतबा एक मध्यम श्रेणी के मौलवी हैं और उन्होंने शक्तिशाली रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के साथ मजबूत संबंध बनाए हैं। इससे उन्हें ईरान की राजनीतिक और सुरक्षा व्यवस्था में अतिरिक्त प्रभाव मिलता है। उनकी बढ़ती भागीदारी से पता चलता है कि कैसे सर्वोच्च नेता का परिवार इन तनावपूर्ण समय के दौरान देश को चलाने में बड़ी भूमिका निभा रहा है।

# एफटीए, व्यापार , निवेश को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा के लिए गोयल पहुंचे लंदन

एजेंसी

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ब्रिटेन और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के क्रियान्वयन से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने तथा दोनों देशों के बीच व्यापार एवं निवेश को बढ़ावा देने के तरीकों का पता लगाने के लिए दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर लंदन में हैं। बुधवार को आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। इस यात्रा के दौरान गोयल ब्रिटेन के व्यापार एवं वाणिज्य मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, दोनों नेता एफटीए पर हुई प्रगति की समीक्षा करेंगे तथा इसे अंतिम रूप देने और कार्यान्वयन के लिए एक स्पष्ट, समयबद्ध खाका तैयार करेंगे। भारत और ब्रिटेन ने छह मई को



एफटीए पर सहमति बनने की घोषणा की थी। इस समझौते का उद्देश्य श्रम-प्रधान भारतीय निर्यात जैसे चमड़ा, जूते और कपड़े पर शुल्क समाप्त करना जबकि व्हिस्की तथा कारों जैसे ब्रिटेन के उत्पादों के आयात को आसान बनाना है। इसका लक्ष्य 2030 तक दोनों अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार को दोगुना करके 120 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाना भी है। समझौते पर औपचारिक रूप से हस्ताक्षर होना और इसका क्रियान्वयन होना बाकी है। गोयल, ब्रिटेन की राजकोष चांसलर रेचल रीव्स से भी मुलाकात करेंगे और दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक प्राथमिकताओं, वित्तीय सहयोग एवं

> पोत परिवहन, वित्तीय प्रौद्योगिकी, लॉजिस्टिक्स तथा उन्नत विनिर्माण सहित प्रमुख क्षेत्रों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) और उद्योग हितधारकों के साथ भी बातचीत कर सकते हैं।

निवेश सुविधा पर चर्चा करेंगे। रचनात्मक उद्योगों तथा नवाचार-संचालित क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाएं तलाशने के लिए उनकी संस्कृति, मीडिया एवं खेल मंत्री लिसा नैंडी से भी मिलने की योजना है। बयान में कहा गया है,

ये बैठकें वैश्विक व्यापार जगत के नेताओं, निवेशकों एवं नीति विशेषज्ञों को एक साथ लाएंगी, ताकि भारत-ब्रिटेन आर्थिक गलियारे की रणनीतिक रूपरेखा तथा प्रस्तावित एफटीए के परिवर्तनकारी प्रभाव पर विचार-विमर्श किया जा सके। मंत्री, वाणिज्यिक संबंधों को गहरा करने और सीमा पार निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पोत परिवहन, वित्तीय प्रौद्योगिकी, लॉजिस्टिक्स तथा उन्नत विनिर्माण सहित प्रमुख क्षेत्रों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) और उद्योग हितधारकों के साथ भी बातचीत कर सकते हैं। भारत और ब्रिटेन के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2022-23 के 20.36 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2023-24 में 21.34 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया था।

# भारत ने ना मध्यस्थता स्वीकारी थी, ना स्वीकारेंगे -पीएम मोदी

## ऑपरेशन सिंदूर पर मोदी-ट्रम्प की फोन पर 35 मिनट बात

एजेंसी

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से फोन पर बातचीत की, जो लगभग 35 मिनट तक चली। बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने राष्ट्रपति ट्रम्प को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने स्पष्ट किया कि ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े किसी भी विषय में व्यापार से संबंधित कोई चर्चा नहीं हुई। उन्होंने दोहराया कि पाकिस्तान के कहने पर ही भारत ने सीजफायर किया था। भारत कभी किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को स्वीकार नहीं करता और आगे भी नहीं करेगा। साथ ही, पीएम मोदी ने यह भी जोर देकर कहा कि अब भारत आतंकवाद की घटनाओं को प्रॉक्सी वॉर (परदे के पीछे की लड़ाई) नहीं, बल्कि सीधे युद्ध की कार्रवाई के रूप में देखेगा। भारत का ऑपरेशन सिंदूर अब भी जारी है। विदेश सचिव ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने पीएम मोदी की तरफ से विस्तार में बताई गई बातों को समझा और आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के प्रति समर्थन जताया। पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रम्प की मुलाकात जी7 के इतर होनी तय थी, लेकिन ट्रम्प को 17 जून को जी7 छोड़कर अमेरिका लौटना पड़ा। इस



कारण ये मुलाकात नहीं हो सकी। इसके बाद ट्रम्प के कहने पर दोनों नेताओं की फोन पर बात हुई। बातचीत करीब 35 मिनट चली। 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद राष्ट्रपति ट्रम्प ने फोन पर पीएम मोदी से शोक संवेदना जताई थी और आतंक के खिलाफ समर्थन जताया था। इसके बाद दोनों नेताओं 18 जून को यह पहली बातचीत थी। इसलिए पीएम मोदी ने राष्ट्रपति ट्रम्प ने ऑपरेशन सिंदूर पर विस्तार से बात की। मिसरी ने ये भी बताया कि पीएम मोदी ने ट्रम्प को यह स्पष्ट रूप से कहा कि 22 अप्रैल के बाद भारत ने आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने का अपना दृढ़ संकल्प पूरी दुनिया को बता दिया था। भारत ने 6-7 मई की रात को पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में सिर्फ आतंकी ठिकानों को ही निशाना बनाया था। भारत के एक्शन बहुत ही मेजर्ड (नपे-तुले), प्रिसाइज (सटीक) और नॉन-एस्केलेटरी थे। साथ ही भारत ने ये भी स्पष्ट कर दिया था कि पाकिस्तान की गोली का जवाब हम गोले से देंगे। विदेश सचिव मिसरी ने ये बताया कि 9 मई की रात को अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने पीएम मोदी को फोन किया था। वेंस ने कहा था कि पाकिस्तान, भारत पर बड़ा हमला कर सकता है। पीएम मोदी ने उन्हें साफ शब्दों में बताया था कि यदि ऐसा होता है तो भारत, पाकिस्तान को उससे भी बड़ा जवाब देगा। 9-10 मई की रात को पाकिस्तान के हमले का भारत ने सशक्त जवाब दिया और पाकिस्तान को सेना को बहुत नुकसान पहुंचा। उसके मिलिट्री एयरबेस को इनऑपरेबल (फ्लाइट संचालन न होने योग्य) बना दिया। भारत के मुंहतोड़ जवाब के चलते पाकिस्तान को सैन्य कार्रवाई रोकने का आग्रह करना पड़ा।

# बम विस्फोट से पाकिस्तान में जाफर एक्सप्रेस के छह डिब्बे पटरी से उतरे

एजेंसी

पाकिस्तान में रेलवे पटरी के पास लगाए गए एक बम की चपेट में आने से जाफर एक्सप्रेस ट्रेन के छह डिब्बे बुधवार को पटरी से उतर गए। यह दुर्घटना सिंध प्रांत के जैकोबाबाद जिले में हुई जो बलूचिस्तान प्रांत की सीमा पर स्थित है। प्राधिकारियों ने बताया कि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। जैकोबाबाद में मवेशी बाजार के पास रेलवे पटरी के पास विस्फोट हुआ जिससे जाफर एक्सप्रेस के छह डिब्बे पटरी से उतर गए। विस्फोट के बाद पुलिस की एक बड़ी टुकड़ी ने इलाके की घेराबंदी कर दी। प्राधिकारी यह पता लगाने के लिए



जांच कर रहे हैं कि यह विस्फोट किस कारण हुआ। विस्फोट के बाद मार्ग पर ट्रेन परिचालन अस्थायी रूप से बाधित हो गया। अभी तक किसी भी समूह ने इस घटना की जिम्मेदारी नहीं ली है। हाल के महीनों में यह दूसरी बार है जब जाफर एक्सप्रेस को निशाना बनाया गया है। इससे पहले मार्च में बलूचिस्तान के

> प्राधिकारी यह पता लगाने के लिए जांच कर रहे हैं कि यह विस्फोट किस कारण हुआ। विस्फोट के बाद मार्ग पर ट्रेन परिचालन अस्थायी रूप से बाधित हो गया। अभी तक किसी भी समूह ने इस घटना की जिम्मेदारी नहीं ली है।

बोलन इलाके में क्वेटा से पेशावर जाते समय इस पर हमला हुआ था। उस समय बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने हमले की जिम्मेदारी ली थी।

# महिलाओं के खिलाफ बढ़ रही हिंसा...

## गोपालपुर गैंग रेप पर प्रियंका गांधी ने ओडिशा सरकार को घेरा



एजेंसी

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने बुधवार को ओडिशा में 20 वर्षीय महिला के साथ कथित सामूहिक बलात्कार के बाद ओडिशा की भाजपा सरकार की आलोचना की और दावा किया कि राज्य में महिलाओं के खिलाफ हिंसा हर गुजरते दिन के साथ बढ़ रही है। पुलिस ने बताया कि 20 वर्षीय महिला के साथ ओडिशा के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल गोपालपुर समुद्र तट पर एक सुनसान जगह पर करीब 10 लोगों ने कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार किया। पीड़िता एक निजी कॉलेज की स्नातक छात्रा है, जिसने सोमवार को प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसके बाद गोपालपुर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने एक्स पर हिंदी में लिखे एक पोस्ट में कहा कि ओडिशा के गोपालपुर में 10 लोगों द्वारा एक छात्रा के साथ की गई क्रूरता की निंदा करने के लिए कड़े शब्द भी पर्याप्त नहीं हैं। उन्होंने कहा, ₹ओडिशा में महिलाओं के खिलाफ हिंसा हर गुजरते दिन के साथ बढ़ रही है। जिस राज्य के

> घटना रविवार रात की है, जब तीन अन्य महिलाओं के साथ एक निजी मेस में रहने वाली महिला अपने सहपाठी प्रेमी के साथ राजा उत्सव के अवसर पर समुद्र तट पर गई थी। महिला ने अपनी शिकायत में कहा कि जब वे एक सुनसान जगह पर बैठे थे, तभी 10 लोगों का एक समूह उनके पास आया, उसके प्रेमी को पकड़ लिया और बारी-बारी से उसके साथ बलात्कार किया।

मुख्यमंत्री खुद स्वीकार करते हैं कि पिछले पांच सालों में करीब 44,000 महिलाएं और बच्चे गायब हुए हैं, वहां महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता न देना अपने आप में महिलाओं के खिलाफ अत्याचार है।

घटना रविवार रात की है, जब तीन अन्य महिलाओं के साथ एक निजी मेस में रहने वाली महिला अपने सहपाठी प्रेमी के साथ राजा उत्सव के अवसर पर समुद्र तट पर गई थी। महिला ने अपनी शिकायत में कहा कि जब वे एक सुनसान जगह पर बैठे थे, तभी 10 लोगों का एक समूह उनके पास आया, उसके प्रेमी को पकड़ लिया और बारी-बारी से उसके साथ बलात्कार किया।

# जाति जनगणना को जमीयत का समर्थन

## मुसलमानों से अपील करते हुए बोले मदनी- ये सामाजिक और राजनीतिक जरूरत

> पूर्ण सहयोग का आग्रह करते हुए मदनी ने देश भर के सभी मुसलमानों से जनगणना प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की। उन्होंने प्रत्येक मुस्लिम परिवार से यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया कि उनकी जाति की पहचान सही ढंग से दर्ज की गई है, उन्होंने कहा कि यह जानकारी समुदाय को प्रभावित करने वाले भविष्य के नीतिगत निर्णयों के लिए महत्वपूर्ण है।

एजेंसी

आगामी जाति-आधारित जनगणना का जोरदार समर्थन करते हुए जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी ने इस





अभ्यास को भारत में न्याय, समावेशी शासन और समान संसाधन वितरण को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक बताया। मौलाना मदनी ने इस बात पर जोर दिया कि जाति-आधारित जनगणना एक नियमित सरकारी प्रक्रिया से आगे निकल गई है। उन्होंने कहा, ₹यह अब एक जरूरी सामाजिक और राजनीतिक आवश्यकता है,₹ उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि एकत्र किए गए डेटा का नीति निर्माण पर सीधा प्रभाव पड़ेगा, खासकर आरक्षण, सामाजिक कल्याण और विकास योजनाओं जैसे क्षेत्रों में। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सटीक डेटा लाभ और सरकारी योजनाओं तक उचित पहुंच सुनिश्चित करने में मदद करेगा, खासकर हाशिए पर पड़े समुदायों के लिए जिन्हें लंबे समय से नजरअंदाज किया गया है।

# हिप्र सरकार विकास के नए कीर्तिमान स्थापित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही हैः सुक्खू

> सुक्खू ने जनसभा में मौजूद को लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार विकास के नए आयाम स्थापित करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में।

एजेंसी

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित करने के लिए हर संभव प्रयास




कर रही है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के आनी विधानसभा क्षेत्र में 81.30 करोड़ रुपये की 21 विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखने के बाद बागा सराहन में एक जनसभा को संबोधित करने के दौरान यह बात कही।

# 37 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी, जांच के दायरे में सिसोदिया और सत्येंद्र जैन

एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को कथित 2,000 करोड़ रुपये के कक्षा निर्माण अनियमितताओं के मामले में दिल्ली सहित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में निजी ठेकेदारों के लगभग 37 स्थानों पर छापेमारी की, जिसमें पूर्व मंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन जांच के दायरे में हैं। घटनाक्रम से परिचित लोगों ने इस बात की जानकारी दी। ईडी की जांच दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी (एफआईआर) से शुरू हुई है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मार्च में एसीबी को स्कूल के कमरों और इमारतों के निर्माण में कथित अनियमितताओं को लेकर सिसोदिया और



जैन के खिलाफ औपचारिक रूप से जांच करने की मंजूरी दी थी। एसीबी ने 30 अप्रैल को इस मामले में सिसोदिया (जो पिछली आप सरकार में उपमुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री थे) और पूर्व पीडब्ल्यूडी मंत्री जैन के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया था। यह मंजूरी भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 17ए के तहत मांगी गई थी, जिसके तहत सरकारी अधिकारियों के खिलाफ जांच के लिए पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य है। गृह मंत्रालय (एमएचए) ने राष्ट्रपति के फैसले से 11 मार्च को एसीबी को अवगत करा दिया।जब कथित अनियमितताएं हुईं, तब सिसोदिया शिक्षा मंत्री थे, जबकि जैन दिल्ली सरकार में पीडब्ल्यूडी मंत्री थे। जुलाई 2018 में केंद्र द्वारा एक संशोधन के माध्यम से भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में धारा 17ए डाली गई, जिसके तहत पुलिस, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) या भ्रष्टाचार अपराधों से निपटने वाली किसी भी जांच एजेंसी के लिए सरकारी अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार से संबंधित किसी भी अपराध में कोई भी जांच या जांच या जांच करने से पहले पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य है।


भिवंडी निज़ामपूर शहर महानगरपालिका, भिवंडी

उद्यान विभाग

(महाराष्ट्र शहरी क्षेत्रों में वृक्षों का संरक्षण एवं जतन अधिनियम 1975 की धारा 8(3)(क) के अनुसार)

सार्वजनिक सूचना

दिनांक : 18/06/2025

भिवंडी निज़ामपूर शहर महानगरपालिका, भिवंडी की ओर से समस्त नागरिकों को इस सार्वजनिक सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि एमिनिटी टीडीआर द्वारा विकसित हो रहे भिवंडी निज़ामपूर शहर मनपा की प्रभाग समिति क्र. 1 के कार्यक्षेत्र में स्थित चाविंद्रा बाग-ए-युसुफ अपार्टमेंट से फातमा नगर सड़क तक के 30 मीटर चौड़े डी.पी. रोड विकास कार्य हेतु मे. भिवंडीवाला बिल्डर्स एंड डेवलपर्स द्वारा श्री रिज़वान इकरारमुद्दीन शेख को आशयपत्र क्रमांक / भिनिशमनपा / नगररचना / एस.आर.1593 दिनांक 03/09/2024 द्वारा जारी कार्यारंभ आदेशानुसार उक्त विकास कार्य में नासिक रोड से सटे एक बादाम का वृक्ष बाधित हो रहा है, अतः उक्त वृक्ष को हटाने हेतु मनपा द्वारा कार्यवाही प्रस्तावित है.

अतः महाराष्ट्र शहरी क्षेत्र वृक्ष संरक्षण अधिनियम 1975 की धारा 8(3)(क) के अनुसार उक्त स्थल से संबंधित अथवा वृक्ष से संबंधित किसी को कोई आपत्ति, दावा अथवा विरोध हो तो वह यह सूचना प्रकाशित होने की तिथि से 7 दिवस के भीतर अपने लिखित प्रमाण सहित हमारे कार्यालय में प्रत्यक्ष रूप से प्रस्तुत करें. निर्धारित समय सीमा में कोई आपत्ति प्राप्त न होने की स्थिति में महाराष्ट्र शहरी क्षेत्र वृक्ष संरक्षण अधिनियम 1975 की धारा 8(3) के अंतर्गत आगे की कार्यवाही की जाएगी और उपरांत कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी. कृपया इस विषय को संज्ञान में लें.

जा.क्र./ज.सं.वि./६०५
दि. १८/०६/२०२५

हस्ता./-
(निलेश संखे)
वृक्ष अधिकारी तथा मुख्य उद्यान अधीक्षक
भिवंडी निज़ामपूर शहर मनपा, भिवंडी

## संक्षेप

### बिजली कटौती पर आप का प्रदर्शन

**10-12 घंटे तक पावर कट, जिलाध्यक्ष का विधायक पर तंज-ए.सी में बैठने वालों को कोई समस्या नहीं**

सुलतानपुर, उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी के बीच लंबी बिजली कटौती के विरोध में आम आदमी पार्टी ने प्रदेशव्यापी प्रदर्शन किया। इस क्रम में बुधवार को सुल्तानपुर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को सम्बोधित मांग पत्र जिलाध्यक्ष के माध्यम से सिटी मजिस्ट्रेट विदुषी सिंह को दिया है। जिलाध्यक्ष ने स्थानीय भाजपा विधायक पर तंज कसा, उन्होंने कहा एसी में बैठने वालों को कोई समस्या नहीं है। गरीब तबके से पूछे जो झोपड़ी में रह रहे हैं। उन्होंने कहा आप तो सबका साथ सबका विकास की बात करके आए थे क्या यही सबका विकास है। प्रदेश के कई जिलों में 10 से 12 घंटे तक बिजली कटौती की जा रही है। इससे आम जनता का दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। घरों में पानी की सप्लाई बाधित है। बच्चों की पढ़ाई और व्यवसायिक गतिविधियां ठप हैं। किसानों को फसलों की सिंचाई में परेशानी हो रही है। इससे फसलें खराब हो रही हैं और आय प्रभावित हो रही है।

### क्यूआर कोड से 4.15 लाख की ठगी

**सुलतानपुर में जनसुविधा केंद्र संचालक को एक महीने तक चूना लगाया, खाता फ्रीज होने पर खुली पोल**

सुलतानपुर, एक जनसुविधा केंद्र संचालक को क्यूआर कोड के जरिए 4.15 लाख रुपये की चपत लगा दी गई। नाज इनफो टेक जनसुविधा केंद्र के संचालक रिजवान उल्ला खान के साथ यह वारदात 6 मई 2025 को शुरू हुई। आरोपी नीरज उर्फ ईशू सोनी और अभय सिंह ने पहले एक मरीज के इलाज के लिए 19,700 रुपये की मदद मांगी। रिजवान ने क्यूआर कोड से पेमेंट लिया और स्क्रीन पर ट्रांजेक्शन दिखने के बाद नकद राशि दे दी। 21 मई से आरोपियों ने बड़ी रकम निकालनी शुरू की। पहले दिन 24,740 रुपये लिए। 23 मई को अलग-अलग खातों से 1.38 लाख रुपये ट्रांसफर कराए। आरोपी अभय ने रिजवान को बताया कि उसका भाई मर्चेंट नेवी में है। 24 मई से 5 जून के बीच आरोपियों ने कई किस्तों में पैसे निकाले। 24 मई को 10,000 रुपये निकाले। 26 और 27 मई को 60-60 हजार रुपये लिए। 4 जून को 82,000 रुपये और 5 जून को 30,000 रुपये की निकासी की।

### बिजली कटौती के विरोध में सपा का प्रदर्शन

**सुल्तानपुर में हाथों से पंखा हांकते रहे सपाई, भाजपा विधायक मुदार्बाद के लगे नारे**

सुलतानपुर, शहर में 14 घंटे बिजली मिलना टेढ़ी खीर बना है। स्थानीय विधायक कह रहे कि गर्मी में रहने की आदत डालो। ऐसे में बुधवार को समाजवादी पार्टी प्रशासन के निकम्मेपन और और विधायक के गैर जिम्मेदाराना बयान के विरुद्ध शहर की सड़कों पर उतर आई। जिससे विधायक खेमे में बेचैनी साफ देखी गई। बस स्टॉप से कलेक्ट्रेट तक बड़ी संख्या में सपाई नारेबाजी करते हुए निकले। सपाइयो ने हाथ से चलाने वाले पंखे प्रदर्शन में हाथों में ले रखे थे।

# हीवेट रोड समेत कई बाजारों में पीडीए की बड़ी कार्रवाई

## आगरा में 5 अवैध निर्माण सील, चेतावनी भी जारी; जानिए पूरा मामला

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, विकास प्राधिकरण (पीडीए) ने शहर के प्रमुख बाजारों में अवैध निर्माण के खिलाफ सख्त एक्शन लिया। हीवेट रोड, विशाल बाजार और गोसाई टोला समेत पांच स्थानों पर बगैर नक्शा पास कराए जा रहे निर्माण को सील कर दिया गया। पीडीए अधिकारियों ने साफ किया कि अगर किसी ने सील तोड़कर दोबारा निर्माण कार्य शुरू किया, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हीवेट रोड स्थित माधव लेन में मधु चावला द्वारा कराए जा रहे अवैध निर्माण को सील किया गया। पास ही




विशाल बाजार के पास ऊषा चावला (पत्नी विशाल चावला) के निर्माण कार्य पर भी सीलबंदी की कार्रवाई की गई। लक्ष्मण मार्केट के सामने मोहम्मद मुख्तार अहमद और इसरार अहमद के निर्माण को भी प्राधिकरण की टीम ने सील कर दिया। गोसाई टोला क्षेत्र में राजेश जयसवाल द्वारा कराए जा रहे अवैध निर्माण पर पीडीए की टीम ने ताला लगाया। हीवेट रोड पर ही एक और कार्रवाई में आकाश अग्रवाल का निर्माण कार्य भी सील कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान पीडीए की ओर से जोनल अधिकारी, अवर अभियंता सोनू कुमार, सुपरवाइजर और प्रवर्तन दल की पूरी टीम मौजूद रही। अधिकारियों ने व्यापारियों और आम लोगों को चेताया कि किसी भी तरह का निर्माण कार्य शुरू करने से पहले नक्शा पास कराना अनिवार्य है, वरना सीधा सीलबंदी और फिर कानूनी कार्रवाई होगी।

# गन्ना मूल्य बकाया भुगतान में चीनी मिल से मांगी जानकारी

## हाईकोर्ट ने बरेली के केसर इंटरप्राइजेज लिमिटेड को तलब किया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बरेली स्थित केसर इंटरप्राइजेस लिमिटेड से संबंधित लगभग 170 करोड़ रुपए के गन्ना मूल्य बकाया भुगतान मामले में जानकारी मांगी है। याचिका की अगली सुनवाई 19 जून को होगी। गन्ना मिल ने कोर्ट से कहा कि उसे संपूर्ण बकाया का 25 प्रतिशत भुगतान 31 जुलाई, 2025 तक और शेष राशि ब्याज सहित 31 दिसंबर, 2025 तक करने की अनुमति दी जाए। सहकारी गन्ना विकास समिति के अधिवक्ता ने इस प्रस्ताव का विरोध किया और कहा कि 31 जुलाई, 2025 तक बकाया राशि का 50 प्रतिशत भुगतान किया जाए। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा और न्यायमूर्ति हरवीर सिंह की खंडपीठ ने मिल से बकाये के संबंध में



जानकारी मांगी है। बरेली स्थित केसर इंटरप्राइजेस लिमिटेड पर सीजन 2024-2025 के लिए 170.40 करोड़ रुपए के बकाया है। गन्ना आयुक्त, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ने इस राशि पर 12 प्रतिशत ब्याज सहित कुल 182.3046 करोड़ रुपये की वसूली के लिए प्रमाण पत्र जारी किया था। जिसे गन्ना मिल ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

# पटीदारों ने धारदार हथियार से किया हमला

- अमेठी में जमीनी विवाद में मारपीट, 4 लोग गंभीर रूप से घायल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले के रामगंज थाना क्षेत्र के कुरंग गांव में पारिवारिक बंटवारे को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। दबंगो के हमले में ज्ञानमती यादव के



परिवार के चार सदस्य घायल हुए। घायलों में दुर्गा यादव, जय प्रकाश यादव, ज्ञानमती यादव और शीतला यादव शामिल हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल सुल्तानपुर में भर्ती कराया गया जहाँ उनका इलाज हुआ। पीड़ित पक्ष ने अजय कुमार, अमरावती, सचिन कुमार और अन्य लोगों पर हमला करने का आरोप लगाया है। पीड़ित परिवार ने रामगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई है। जिसके बाद पुलिस मुकदमा दर्ज करने की कार्यवाही में जुटी हुई है। पूरे मामले पर थाना प्रभारी कृष्ण मोहन सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

# बंदियों ने सीखे योग के आसन

## सुलतानपुर में जेल में योग का प्रशिक्षण, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, जिला कारागार में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां शुरू हो गई हैं। बुधवार को कारागार में बंदियों के लिए योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिले के मास्टर ट्रेनर सुनील दत्त तिवारी ने बंदियों को योग का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में बंदियों को विभिन्न योग क्रियाएं सिखाई गईं। इनमें भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी और ओम नाद शामिल थे। इसके अलावा यौगिक जॉगिंग और सूक्ष्म व्यायाम भी कराया गया। बंदियों ने वज्रासन, पद्मासन, उत्थित पद्मासन, गौमुखासन, शशांकासन और मंडूकासन जैसे आसनों का अभ्यास किया। मास्टर ट्रेनर ने बंदियों को स्वस्थ रहने के लिए योग के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि योग से शरीर



निरोग रहता है। साथ ही बंदियों को आहार-विहार की जानकारी भी दी गई। ट्रेनर ने बताया कि योग का प्रचार-प्रसार अब पूरी दुनिया में हो रहा है। उन्होंने योग को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। हर साल की तरह इस वर्ष भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा।

# जमीनी विवाद में खेत में मिट्टी डालने को लेकर हिंसा

- लाठी-डंडों से हमला, एक ही परिवार के तीन लोग घायल, पुलिस ने मामला दर्ज किया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, कमरौली थाना क्षेत्र के पलिया पश्चिम गांव में 10 बजे जमीनी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। सुरेश पासी अपनी पत्नी सुनीता और पुत्रियों बबली व मंजू के साथ दरवाजे के सामने खेत में मिट्टी डाल रहे थे। इसी दौरान गांव के जगत नारायण (हौसिला प्रसाद के पुत्र) अपने दो बेटों शिवा और रामकुमार के साथ वहां पहुंचे। दोनों पक्षों में कहासुनी हुई। मामला बढ़ने पर आरोपियों ने लाठी-डंडे और फावड़ों से हमला कर दिया। हमले में सुरेश पासी और उनकी पुत्रियों बबली व मंजू को सिर पर चोटें आईं। सुनीता को भी हल्की चोटें लगीं। घायलों को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। पीड़ित सुरेश पासी ने थाना कमरौली में शिकायत दर्ज कराई है।



चौकी प्रभारी मुकेश पटेल ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस कानूनी कार्रवाई कर रही है। पीड़ितों ने घटना का वीडियो भी पुलिस को सौंपा है।

# पुलिस लाइन का निरीक्षण

## आईजी प्रवीण कुमार ने नए चयनित पुलिसकर्मियों की व्यवस्थाएं परखीं

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, अयोध्या परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार ने 17 जून को अमेठी के गौरीगंज पुलिस लाइन का दौरा किया। उन्होंने पुलिस भर्ती 2023 में चयनित नए पुलिसकर्मियों के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आईजी प्रवीण कुमार ने रिक्रूट पुलिस बल के लिए बनाई गई

बैरक, मेस, परेड ग्राउंड और अन्य बुनियादी सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। निरीक्षण के समय पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा



और क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्र मौजूद थे।


इनके अलावा पुलिस उपाधीक्षक दिनेश कुमार मिश्र, प्रतिसार निरीक्षक और अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर ठगे 1.40 लाख

## अलीगढ़ में साइबर ठग लगातार लोगों को बना रहे शिकार, पुलिस ने कपड़ा व्यापारी को वापस कराई राशि

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अलीगढ़, साइबर ठगी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। खैर थाना क्षेत्र में साइबर ठगों ने कपड़ा व्यापारी के क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर उसके साथ ठगी की। आरोपियों ने ओटीपी लेकर कपड़ा व्यापारी के खाते से 1.40 लाख रुपए निकाल लिए। जब व्यापारी को ठगी का एहसास हुआ तो उसने तत्काल साइबर पुलिस को सूचना दी। शिकायत मिलने के बाद साइबर सेल की टीम तत्काल एक्टिव हो गई और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने पेमेंट रुकवाकर कपड़ा व्यापारी के रुपए वापस कराए हैं। इसके साथ ही भविष्य में एलर्ट रहने के लिए जागरुक किया है। खैर के गांव रुस्तमपुर निवासी गुलशन कुमार ने पुलिस को बताया कि बीते दिनों उनके




पास अनजान नंबर से कॉल आई थी। आरोपियों ने खुद को एसबीआई के क्रेडिट कार्ड डिपार्टमेंट से बताया था और क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने की बात कही थी। इसके बाद आरोपी लगातार फोन पर बात करते रहे और पीड़ित से उसके खाते से जुड़ी गोपनीय जानकारी लेते रहे। ऑनलाइन केवाईसी करने के नाम पर उन्होंने ओटीपी ले लिया और क्रेडिट कार्ड से रुपए उड़ा लिए। उस समय रुपए निकलने का मैसेज नहीं आया और एक दिन बाद पीड़ित को पता चला। इसके बाद पीड़ित ने तत्काल थाने में शिकायत की। कपड़ा व्यापारी की शिकायत मिलने के बाद खैर थाने की साइबर सेल की टीम तत्काल एक्टिव हो गई। पुलिस ने पेमेंट गेटवे से संपर्क करके तत्काल पेमेंट को रुकवाया और व्यापारी के सारे रुपए उसे वापस करा दिए हैं। इसके साथ ही उसे भविष्य में ऐसा न करने की हिदायत दी है। वहीं साइबर पुलिस ने बताया कि ठग लोगों को तरह-तरह के झांसे देकर फंसाते हैं। इसलिए आमजन जागरुक रहें और फोन पर किसी को भी अपने बैंक से जुड़ी गोपनीय जानकारी न दें। अगर उन्हें बैंक संबंधी कोई काम है तो सीधे ब्रांच में संपर्क करें। फोन पर बात करने वाले लोग साइबर ठग हो सकते हैं।

# बांके बिहारी कॉरिडोर और न्यास का विरोध

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रपौत्री ने किया प्रदर्शन, सांसद हेमा मालिनी पर दी तीखी प्रतिक्रिया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मथुरा, बांके बिहारी कॉरिडोर और न्यास बनाने के लिए लाए गए अध्यादेश के विरोध में बुधवार को प्रदर्शन करने के लिए नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रपौत्री और अखिल भारतीय हिंदू महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष राजश्री चौधरी पहुंचीं।

जहां उन्होंने विरोध प्रदर्शन करते हुए सांसद हेमा मालिनी पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा हेमा मालिनी भेष बदल कर ब्रजवासियों को भ्रमित




कर रही हैं। ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर अधिग्रहण का विरोध करने पहुंची नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रपौत्री राजश्री चौधरी ने सांसद हेमा मालिनी पर तीखी टिप्पणी की है। उनका कहना है कि अभिनेत्री से सांसद बनी हेमा मालिनी वेश बदल कर बृजवासियों को वैसे ही भ्रमित कर रही है जैसे पूतना और सुपर्णखा ने किया था। वृन्दावन के प्रसिद्ध ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर के न्यास बनाने और कॉरिडोर निर्माण को लेकर पिछले करीब 21 दिनों से लगातार विरोध प्रदर्शन जारी है। कॉरिडोर को लेकर कुछ संगठन विरोध कर रहे हैं तो कुछ समर्थन में हैं। बांके बिहारी मंदिर के गोस्वामियों और व्यापारियों द्वारा किए जा रहे प्रदर्शन को अलग अलग संगठनों द्वारा अपना समर्थन दिया जा रहा है।

# पकड़ा गया बाइक चोरी का गैंग

## 4 आरोपियों के कब्जे से 10 बाइकें बरामद, अयोध्या और अम्बेडकरनगर के 2-2 चोर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की। पुलिस ने अमहट चौराहे पर वाहन चेकिंग के दौरान चार बाइक चोरों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से चोरी



की 10 मोटरसाइकिलें बरामद हुईं। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर चलाए गए विशेष अभियान में कोतवाली नगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली। इस पर पुरानी हवाई पट्टी अमहट के पास से चारों आरोपियों को पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपियों में अयोध्या के शुभम कुमार (29), अम्बेडकरनगर के महान दूबे (19) और सचिन तिवारी (20), तथा अयोध्या के आयुष दूबे (21) शामिल हैं। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे अलग-अलग जगहों से बाइक चोरी करते थे। वे इन बाइकों को बेचने जा रहे थे।

# किसान दिवस पर जिलाधिकारी ने सुनीं समस्याएं

## बिजली कटौती, मनमाने बिल और नीलगाय से परेशान किसानों को मिला समाधान का भरोसा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में माह के तृतीय बुधवार को किसान दिवस मनाया गया। इस दौरान किसानों ने अपनी समस्याएं रखीं और अधिकारियों ने उनका समाधान किया। किसानों ने अघोषित बिजली कटौती और बिना रीडिंग के मनमाने बिल भेजने की शिकायत की। साथ ही माइनरों की सफाई, सहभागिता योजना के तहत भुगतान और नीलगाय




व निराश्रित गोवंशों से होने वाली परेशानियां भी बताईं। जिलाधिकारी ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को इन समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। कृषि विज्ञान केंद्र कठौरा के वैज्ञानिकों ने उन्नत खेती और फसल सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। प्रगतिशील किसानों ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर कैसे अच्छा मुनाफा कमाया। जिलाधिकारी ने किसानों से कृषि, मत्स्य, उद्यान और पशुपालन विभाग की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार तिवारी और अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी ,एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग,कुर्ला (प)मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० -A-544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई ,ठाणे 400709 से मुद्रित । संपादक - अरविंद कुमार शर्मा
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173
संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001
संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी